

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




अंधाधुंध निजीकरण से आरक्षण खत्म करना चाहती....०१

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

बदायूं में अखिलेश यादव बोले भाजपा संविधान बदलना..०१

वर्ष: ०१ अंक: 296 | बदायूं, शुक्रवार ०३ मई २०२४ | पृष्ठ- ०८ | मूल्य- 4.०० रूपये

## 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका स्वीकार करने से इंकार



**नई दिल्ली।** 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2०12 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट के नियम ग्ट के नियम पांच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री विभाग याचिका लेने से इनकार कर सकता है। इस नियम के मुताबिक रजिस्ट्रार कोई उचित कारण न होने, या निंदनीय मामला होने के आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के खिलाफ 15 दिनों के भीतर अपील कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2०12 को दिए अपने एक आदेश में 2जी स्पेक्ट्रम के विभिन्न कंपनियों को दिए लाइसेंस निरस्त कर दिए थे, जो ए राजा के बतौर टेलीकॉम मंत्री रहते दिए गए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का आवंटन नीलामी के जरिए हो सकता है। अब बीती 22 अप्रैल को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष एक अपील की। जिसमें 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2०12 के फैसले में संशोधन की मांग की गई। अटॉर्नी जनरल ने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने की भी मांग की। केंद्र सरकार ने गैर व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए 2जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में छूट देने की मांग की। एनजीओ पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने केंद्र की याचिका का विरोध किया। इसी एनजीओ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 2०12 का फैसला दिया था।

### टिकट घोषणा के इंतजार में बीता पूरा दिन, राहुल गांधी ने लिया ऑनलाइन नामांकन पत्र की चर्चा

**अमेठी।** कांग्रेस कार्यालय आज पूरे दिन गुलजार रहा। वर्ष 2०19 में राहुल गांधी की हार के बाद 2०24 में पहली बार गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर बृहस्पतिवार को चहल पहल दिखी। बृहस्पतिवार की सुबह दस बजे ही सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा और गांधी परिवार के करीबी मनोज मट्टू के साथ ही अधिवक्ता केसी कौशिक गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने संगठन के नेताओं के साथ ही गठबंधन के नेताओं के साथ अलग-अलग चरणों में बैठक की। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी। किसी को कागजी काम का जिम्मा सौंपा गया तो किसी को अन्य प्रबंध के लिए लगाया गया। दिन भर कई चरणों में बैठक हुई।

## अंधाधुंध निजीकरण से आरक्षण छीन रही मोदी सरकार

### तीसरे चरण के मतदान से पहले राहुल ने केंद्र को घेरा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनकर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी पर दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीकों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र में उद्यमों को मजबूत करने और कर्मचारियों के लिए नौकरी के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी के चुनाव प्रचार का मंत्र आरक्षण हटाना है। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी। इसका मतलब है कि न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण। उन्होंने आगे कहा, मोदी सरकार आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर गुपचुप तरीके से पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रही है।

राहुल ने आगे कहा, 2०13 में सार्वजनिक क्षेत्र में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2०23 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे। बीएसएनएल, सेल, बीएचईएल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग छह लाख पक्की नौकरियां सिर्फ सर्वजनिक क्षेत्र से ही खत्म कर दी गई। ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता। सरकारी कार्यों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

कांग्रेस सांसद ने कहा, मोदी मॉडल का 'निजीकरण' देश के संसाधनों की लूट है, जिसके जरिए वंचितों का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की गारंटी है कि हम पब्लिक सेक्टर्स को मजबूत करेंगे और 3० लाख रिक्त सरकारी पदों को भर कर हर वर्ग के लिए रोजगार का द्वार खोल देंगे।

## एक नजर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- सारे विपक्षी दलों को हवा में उड़ा देंगे हमारे पायलट

**पटना।** सारण में गृह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के लिए चुनाव प्रचार किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश भी समझ चुके हैं कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। आज हमारी इतनी ताकत है कि जरूरत पड़ी तो भारत अपनी सीमा के उस पार भी मार सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भी आप सभी का समर्थन प्राप्त होगा और सारे विपक्षी दलों को हमारे पायलट (राजीव प्रताप रूडी) हवा में उड़ा देंगे। सारण लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। इसके बाद वह जनसभा को संबोधित करेंगे। डिप्टी तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि महंगाई का म, गरीबी का ग, विकास का व, किसान का क, पलायन का प और बेरोजगारी का ब भी नहीं बोल रहे हैं।

## अखिलेश यादव बोले: भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते, इलेक्टोरल बॉन्ड और किसानों के मुद्दों पर भी घेरा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। चुनावी रैली के मंच पर पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव, सलीम इकबाल शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा समेत तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। ये भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर जो वसूली की है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर इनकी सरकार से न केवल संविधान को खतरा है बल्कि इनके फैसलों से जान का भी खतरा है। दस साल में इनकी बातें झूठी निकलीं। यही दिल्ली वाले आते थे, कहते थे आमदनी दोगुनी कर देंगे। लेकिन किसी की आय दोगुनी नहीं हुई क्या?

सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के लोग कहते है कि 8० करोड़ लोगों को राशन बंटवा दिया और दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी निशुल्क देंगे। अखिलेश ने कहा कि बीते 1० साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। बड़े-बड़े उद्योगपतियों और खासमखास लोगों का कर्ज माफ किया। अखिलेश ने पेपर लीक मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

आदित्य यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है। एक पक्ष के काम हो रहे हैं। विपक्ष पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे आरोपों में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। दस साल के घटनाक्रमों का इस सरकार से जवाब लीजिए। एक भी वोट पीछे न रहने पाए। सात मई को मतदान से ऐसा कर दिखाएं।

## सरकार बोली- प्रज्वल को जर्मनी जाने की नहीं दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** विवादों में घिरे कर्नाटक के जनता दल सेकुलर (श्रवै) सांसद प्रज्जवल रेवन्ना का मामला लगातार सुर्खियों में है। ताजा घटनाक्रम में विदेश मंत्रालय से भी इस संबंध में सवाल किया गया। कर्नाटक के सांसद के कथित तौर पर विदेश जाने की खबरों से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्हें जर्मनी यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय से अनुमति नहीं दी गई। रणधीर जायसवाल ने कहा कि सांसद प्रज्जवल ने सरकार से जर्मनी यात्रा के लिए मंजूरी नहीं मांगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, श्सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई। जाहिर है, कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी की यात्रा करने के लिए कोई वीजा जरूरी नहीं होता। उन्होंने साफ किया कि विदेश मंत्रालय ने सांसद के लिए किसी अन्य देश के लिए कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया है।

## 223 कर्मचारी हटाए गए, उपराज्यपाल ने दिया आदेश

### स्वाति मालीवाल पर नियमों को तोड़कर नियुक्ति करने का आरोप



**दिल्ली।** महिला आयोग के कर्मचारियों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ी कार्रवाई की है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निकाल दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। उपराज्यपाल के आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि आयोग में सिर्फ 4० पद ही स्वीकृत हैं। डीसीडब्ल्यू के पास ठेके पर कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है।

दिल्ली महिला आयोग डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर की तरफ से जारी इस आदेश में ये भी कहा गया है कि नई नियुक्तियों से पहले जरूरी पदों का कोई मूल्यांकन नहीं हुआ था और न ही अतिरिक्त वित्तीय बोझ की अनुमति ली गई थी।

बता दें कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाती मालीवाल आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद हैं। इसी साल 5 जनवरी को उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया था।

स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा, एलजी साहब ने डीसीडब्ल्यू के सारे कॉन्ट्रैक्ट स्टाफको हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है। आज महिला आयोग में कुल 9० स्टाफ है जिसमें सिर्फ आठ लोग सरकार द्वारा दिये गये हैं, बाकी सब तीन-तीन महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। अगर सब कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग पर ताला लग जाएगा। ऐसा क्यों कर रहे हैं ये लोग? खून पसीने से बनी है ये संस्था। उसको स्टाफ और सरंक्षण देने की जगह आप जड़ से खत्म कर रहे हो? मेरे जीते जी मैं महिला आयोग बंद नहीं होने दूंगी। मुझे जेल में डाल दो, महिलाओं पर मत जुल्म करो!

## फिरोजाबाद में सीएम योगी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिले के सिरसागंज स्थित गिरधारी इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिरसागंज वाले बाबा कालेश्वर की जय, बाबा नीम करोली की जय जयकार करते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरी बार फिरोजाबाद आने का सौभाग्य मिला है। दो चरण पूरे हो चुके हैं। तीसरे चरण के चुनाव में आपको मतदान करके इसमें सहभागी बनना है। दो चरणों के चुनाव में आठ राज्यों में गया हूं। हर जगह फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 1० सालों के अंदर अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि यहां से गठबंधन और बसपा ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं। क्या कांग्रेस और सपा के लोग राम मंदिर का निर्माण कर पाते। राम मंदिर बनने से सभी खुश हैं। राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़े रोड़े कांग्रेस, सपा और बसपा थे। इन रोड़ों को आप ताज पहनाएंगे क्या? जो लोग ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में काशी विश्वनाथ का निर्माण हो गया है। मथुरा में जितनी भी भूमि है वह भगवान कृष्ण की भूमि है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि वह विरासत टैक्स लगाएंगे। वह औरंगजेब के भी पिता हो गए हैं। उसने जजिया कर लगाया, ये विरासत टैक्स लगाएंगे। ये आपके हक पर डकैती है।

सीएम योगी ने कहा कि धार्मिकता के आधार पर देश का विभाजन हुआ था। कांग्रेस कहती है कि ओबीसी और एससी के आरक्षण के एक हिस्से को काटकर मुसलमानों को दे देंगे। जब ये सत्ता में थे तब कुछ नहीं कर पाए। देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहा था। विकास के कार्य ठप पड़े थे। गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती पड़ती थी। गरीबों को कुछ मिलता ही नहीं था। आज दुनिया में सम्मान मिला है। आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हुआ है। देश की धमक है। मजबूत हाथों में देश होता है तो दुनिया नजरें झुकाती है। मजबूर हाथ में देश होता है तो दुनिया आंखें दिखाती है। इंदिरा गांधी ने 197० में नारा दिया था गरीबी हटाओ। गरीबी नहीं हटी। 54 वर्ष बाद उनका नाती नारा दे रहा है कि गरीबी हटाएंगे। कैसे हटाएंगे? दादी के नारे को पोता तोता की तरह रट रहा है। कोरोना संकट आने पर राहुल देश छोड़कर चले गए। चुनाव जैसे आते हैं ये लोग बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं। नए भारत में निशुल्क राशन, फ्री इलाज, जन धन खाता खुलवाए।

मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास को ध्यान में रखकर सभी के लिए काम किया है। नए भारत को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाना है। रामलला मंदिर में विराजमान हो गए और बड़े-बड़े माफियाओं का राम नाम सत्य कर दिया गया। सपा और बसपा के समय में क्या होता था। कांग्रेस, सपा, बसपा सुरक्षा नहीं दे सकते। सुशासन नहीं दे सकते। विकास नहीं करा सकते। गरीब कल्याणकारी योजनाएं नहीं दे सकते। फिर ऐसे बोझा को ढोने से क्या फायदा। कांग्रेस कहती है अल्पसंख्यकों को मनमाना खाने को देंगे।


अमर भास्कर ज़िद सच की

अमर भास्कर राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com
Email- amarbhashkar21@gmail.com

## नुसरत भी कर सकती हैं सपा से नामांकन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी ने अपनी बड़ी बेटी नुसरत अंसारी के नामांकन को लेकर संकेत दिया है कि वो भी गाजीपुर सीट से पर्चा दाखिल कर सकती हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी कार्यालय पर आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी से परिचय भी कराया। इस दौरान पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ने कहा कि हमारी बेटियों में बहुत हौसला है।



बेटियां किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें अवसर मिलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम कभी भी नामांकन कर सकते हैं। लोगों में इतना उत्साह है कि हम इतनी भीड़ जुटा कर कोई कंट्रोवर्सी पैदा नहीं करना चाहते हैं। लड़की को पर्चा भरने के सवाल पर कहा कि हमारे डमी प्रत्याशी के रूप में हमारे भाई मुख्तार अंसारी ने भी हमारे साथ पर्चा भरा था तो डमी के रूप में कोई भी पर्चा भर सकता है। लोकसभा चुनाव इस बार काफी रोचक होने जा रहा है।

जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे सियासत का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। प्रत्याशी से लेकर राजनीतिक दलों के लोग रणनीति के तरह एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले चुनाव में पुरुषों की तुलना में हर विधानसभा क्षेत्र में अधिक वोट करने वाली महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जिसके लिए अब भाजपा-सपा जैसे दलों के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बेटियों को भी चुनाव प्रचार की कमान सौंप दी है, जो महिला टोली बनाकर लोगों के घरों के अंदर तक दस्तक देने लगी है। वो जाति-पाती का बंधन समाप्त करने का संदेश देते हुए मंदिर, आश्रम से लेकर घर के अंदर तक जा रही हैं और अपने पिता के विजय का आशीर्वाद मांग रही हैं। गाजीपुर लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों का जनसंपर्क तेज होता जा रहा है।

पांच बार विधायक और दो बार सांसद बने सपा प्रत्याशी अफ्जाल अंसारी ने अपनी बेटी नुसरत अंसारी की भी राजनीति में एंट्री करा दी है, जो अपने पिता की जीत के लिए प्रचार करने जा रही है। उन्होंने बीते दिनों शिव मंदिर में जाकर जहां पूजन-अर्चन की। महिलाओं के साथ बैठकर कीर्तन भी किया। यही नहीं, वो पवहारी बाबा आश्रम में पहुंची, जहां उन्होंने दर्शन पूजन किया था। राजनीतिक गलियारे में नुसरत का पवहारी बाबा आश्रम जाना आदि शामिल हैं।

## रहस्यमय परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मुट्ठीगंज।** इलाके में उप खंड शिक्षा अधिकारी की पत्नी का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजन परेशान हो गए। कमरे में झांककर देखा गया तो शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पाकर पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। मुट्ठीगंज में कल्लू कचौड़ी चौराहे के पास रहने वाले अमरदीप जायसवाल भदोही जिले में बतौर उपखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। उनका परिवार मुट्ठीगंज में ही रहता है। परिवार में उनकी पत्नी आंचल, दो बच्चे और माता-पिता हैं। उनकी पत्नी आंचल जायसवाल (43) का शव गुरुवार को सुबह कमरे में फंदे से लटकता मिला।

## सपा से निषाद प्रत्याशी उतारने से भाजपा वोट बैंक में सेंधमारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** सियासत में जो शख्स या तबका हाशिये पर पड़ा है, वह कब अचानक हॉटकेक बन जाए यह भला कौन जानता है। जिले में निषाद मतदाताओं को देखकर तो यही लगता है। बरसों से भाजपा का वोट बैंक रहे इस समाज में सेंध लगाने के लिए जब सपा ने निषाद प्रत्याशी मैदान में उतारा तो अब इसी वोट बैंक के लिए दोनों दलों में रस्साकशी शुरू हो गई है।



जिले में निषाद मतदाताओं की संख्या करीब दो लाख मानी जाती है। ये पिछले एक दशक से सुल्तानपुर में भाजपा के परंपरागत वोटर बने हुए थे। इसके बावजूद इनकी अहमियत चुनाव में उतनी नहीं आंकी जाती थी।

इनकी बजाय ब्राह्मण, क्षत्रिय और मुस्लिम मतदाताओं को साधने के लिए ज्यादा प्रयास हुआ करते थे। पार्टियां इन्हीं तीन के इर्द-गिर्द जीत का ताना-बाना बुनती थीं। किंतु इस बार जब सपा ने पहले भीम निषाद को अपना प्रत्याशी घोषित किया तो अचानक इस समाज की ताकत का लोगों को एहसास हुआ।

करीब आठ महीने तक भीम निषाद अपनी बिरादरी के मतों को साधने में जुटे रहे, लेकिन अंतिम क्षण में सपा ने उनका टिकट काटकर पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद को थमा दिया। अब भाजपा के सामने इस मत को अपनी ओर आकर्षित करने की चुनौती खड़ी हो गई। कादीपुर व सुल्तानपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में निषाद मतों की संख्या सर्वाधिक मानते हुए सबसे ज्यादा ताकत वहीं लगाई जा रही है। उनके कल्याण की बातें भाजपा भी कर रही है।

शायद यही वजह है कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में भी निषाद पार्टी के मुखिया और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद शामिल हुए। इसके अलावा यहां पार्टी ने स्टार प्रचारक के तौर पर उनकी मांग रखी है। उधर, सपा प्रत्याशी भी निषाद समाज का हित बताते घूम रहे हैं।

सपा के पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद भी इस समाज में गहरे तक जड़ जमाए हुए हैं। इसी बूते वे भी नामांकन पत्र खरीदकर बैठे हैं। अब निषाद समाज का वोट कहां जाएगा। यह तो मतदान के दिन ही तय होगा।

## यूनिफॉर्म की धनराशि में गड़बड़ी की आशंका

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** स्कूलों में छात्रों के नामांकन में फर्जीवाड़ा सामने आया है। दो अलग-अलग पोर्टल पर छात्रों की संख्या में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई है, जिसके बाद यूनिफॉर्म वितरण के लिए जारी होने वाली धनराशि में भी घपलेबाजी की आशंका जताई जा रही है।



फिलहाल इस मामले में जिले के 140 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। हर साल परिषदीय स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है।

इसके तहत स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराया जाता है, लेकिन इस अभियान में भी गड़बड़ी की जा रही है। पिछले शिक्षा सत्र में जहां छात्रों के नामांकन कराने में लापरवाही की गई, वहीं अब नामांकित किए गए छात्रों की संख्या को दर्शाने में गड़बड़ी की गई। दरअसल, जिन छात्रों का नामांकन होता है, उनकी संख्या यू-डाइस पोर्टल पर दर्शायी जाती है। इसी के माध्यम से बच्चों को सरकार की ओर से दी जाने वाली धनराशि डीबीटी के जरिये अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है।

जिले के 140 परिषदीय स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने दोनों पोर्टल पर अलग-अलग छात्र संख्या दर्शाई है। यू-डाइस पोर्टल पर छात्रों की संख्या कम दर्शाई गई हैं, जबकि डीबीटी पोर्टल पर छात्र संख्या ज्यादा दर्शायी गई है।

दोनों पोर्टल पर छात्रों की संख्या में 20 से लेकर 131 तक का अंतर आ रहा है। यह गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद अभिभावकों के खाते में भेजी जाने वाली धनराशि में घपलेबाजी की आशंका जताई जा रही है। इसका खुलासा पिछले साल के रिकॉर्ड की जांच में हुआ है।

जूम मीटिंग के जरिये जब इसकी समीक्षा की गई तो खुलासा हो गया, जिस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने जिले के 140 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब तलब किया है। बीएसए ने सभी से चार मई तक इसको लेकर जवाब मांगा है। छात्र संख्या दिखाने में सबसे ज्यादा गड़बड़ी करने वाले स्कूलों में बिलासपुर के स्कूल शामिल हैं।

क्षेत्र के 24 विद्यालयों में छात्र संख्या में गड़बड़ी पाई गई है। इसके साथ ही शाहबाद के 23, चमरौवा के बीस, मिलक के 18, नगर क्षेत्र व स्वार के आठ-आठ, सैदनगर के 15 विद्यालय शामिल हैं। इन सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## नई कार्य कारिणी ने संभाला कार्यभार

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित 28 सदस्यीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को संपन्न हो गया। हाईकोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में मुख्य चुनाव अधिकारी बीएम जैदी और वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। जिन पदाधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण किया।

उसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल तिवारी, महासचिव विक्रांत पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव महिला आंचल ओझा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अभिजीत पांडेय, संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत शुक्ला शामिल हैं।

## प्रियंका के न लड़ने पर इस ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है कांग्रेस

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रायबरेली।** जिले से प्रियंकागांधी के मैदान में उतरने की संभावना लगभग खत्म होती नजर आ रही है। क्योंकि वह एक से तीन तक मध्य प्रदेश, गुजरात और फिर उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अभी तक रायबरेली का कोई कार्यक्रम तय नहीं है। हालांकि उनके चुनाव लड़ने पर फैसला हुआ तो बह दौरा बीच में छोड़कर रायबरेली पहुंच सकती हैं।



लेकिन सूत्र इससे इंकार कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि प्रियंका तैयार नहीं हुई तो कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं, कांग्रेस का एक धड़ा यहां से दलित उम्मीदवार उतरने पर जोर दे रहा है।

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कुछ दलित नाम भी भेजे गए हैं। रायबरेली से दलित उम्मीदवार होने के भविष्य के फायदे भी बताए गए हैं। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि बृहस्पतिवार दोपहर बाद तक सस्पेंस खत्म हो जाएगा। अभी दोनों सीट पर उम्मीदवार के नाम की अधिकृत सूचना नहीं मिली है। जो भी उम्मीदवार होगा, पार्टीका हर कार्यकर्ता उसके साथ रहेगा।

अमेठी की स्थानीय कमेटी की ओर से राहुल गांधी के नामांकन को लेकर हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थानीय नेताओं को भरोसा है कि नामांकन के अंतिम दिन वह पहुंच सकते हैं। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के रायबरेली में सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा भी अमेठी पहुँच गए ।उनके साथ पूरी टीम मौजूद रही। बैठकों का दौर शुरू हुआ।

बूथ स्तर तक बात हुई। सूत्रोंका कहना है कि शर्मा के समर्थकों ने उनके चुनाव लड़ने की बात कही, लेकिन शर्मा ने खुद अपने मुंह से चुनाव लडने की बात नहीं की। इतना जरूर रहा कि उन्होंने हर कार्यकर्ता को चुनाव के लिए हर स्तर पर तैयार रहने का आवाहन किया।

ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि राहुल गांधी के मैदान में न उतरने की स्थिति में किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि लंबे समय तक कांग्रेस की राजनीति करने वाले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता भी अचानक कांग्रेस में जाकर अमेठी से उम्मीदवार हो सकते हैं। क्योंकि उनकी टीम भी अपने स्तर पर लोकसभा क्षेत्र में तैयारी कर रही है।

अमेठी की स्थानीय कमेटी ने राहुल गांधी के नामांकन को लेकर हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली है। स्थानीय नेताओं को भरोसा है कि नामांकन के अंतिम दिन वह पहुंच सकते हैं। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के रायबरेली में सांसद प्रतिनिधि व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा भी अमेठी पहुंच गए। उनके साथ पूरी टीम मौजूद रही। बैठकों का दौर शुरू हुआ। बूथ स्तर तक बात हुई। सूत्रों का कहना है कि शर्मा के समर्थकों ने उनके चुनाव लड़ने की बात कही लेकिन शर्मा ने खुद चुनाव लड़ने की बात नहीं की। उन्होंने हर कार्यकर्ता को तैयार रहने को कहा कहा है।

## चाकू से वार कर युवक की हत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बलिया।** जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के खेजुरी गांव में गुरुवार सुबह 11:45 पर धारदार हथियार से वार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। इसकी जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी खेजुरी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।




पुलिस शव को लेकर थाने चली आई। घटना की जानकारी होते ही थाने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का दबाव बढ़ते देख पकड़ी, सिकंदरपुर के एसएचओ भी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बड़े भाई नितेश सिंह ने सात लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा निवासी ब्रजेश सिंह (25) पुत्र परमात्मा नंद पूर्वाह्न 11 बजे के आसपास खेजुरी गए थे। उसी दरम्यान किसी ने उन्हें गांव में बुलाकर उनके ऊपर धारदार हथियार से सिर और गर्दन पर कई वार कर दिए।

इससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर वहीं गिर गए। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। इसी बीच परिजनों को भी घटना की जानकारी हो गई। सूचना पर मृतक का बड़ा भाई निकेश सिंह परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। पिता परमात्मानंद सिंह का रोते-रोते बुरा हाल था। वहीं, मां मीना देवी बेसुध हो जा रही थीं। बड़े भाई नितेश थाने पर होमगार्ड की ड्यूटी करते हैं, वह भी बिलख रहे थे। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा और सीओ आशीष मिश्र के अलावा पकड़ी और सिकंदरपुर थाने के एसएचओ भी सदलबल मौके पर पहुंच गए।

## टहलने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

**हरदोई।** जिले में सुबह टहलने निकले चिकित्सक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चिकित्सक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। कोतवाली बिलग्राम के बिलग्राम-सांडी रोड पर कुतलूपुर मोड़ के पास एक वाहन ने मोहल्ला कासूपेट निवासी डॉ. संजय कुमार राठौर उर्फ द्वारिका प्रसाद को किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

परिजनों ने बताया कि डॉ. संजय चिकित्सक के अतिरिक्त बीमा एजेंट भी थे। बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह करीब पांच बजे डॉ. संजय रोज की भांति टहलने निकले थे।

कटरा-बिल्हौर हाईवे पर कुतलूपुर के पास किसी वाहन ने टक्कर मारी दी। इससे मौके पर ही डॉ. संजय की मौत हो गई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। डॉ. संजय के एक बेटी, एक बेटा है।

## अवैध मदरसे से 21 बच्चों को कराया गया मुक्त

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**दुबग्गा।** क्षेत्र के अवैध मदरसे से बाल आयोग की टीम ने 21 बच्चों को मुक्त कराया। इनमें से अधिकतर बच्चे बिहार के हैं, जिन्हें दस दिन पहले ही यहां लाया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की। अंधे की चौकी के कशमंडी रोड स्थित लालनगर खेड़ा गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के मदरसा जमी आतुल कासिम अल इस्लामिया चल रहा था।



ग्रामीणों ने बाल आयोग को शिकायत कर बताया कि मदरसे में छोटे-छोटे बच्चों को रखकर कट्टरपंथी तालीम दी जा रही है। दो कमरों के मदरसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर बाल आयोग की टीम बुधवार शाम यहां पहुंची। टीम ने देखा कि दो कमरों में 24 बच्चे रह रहे हैं। इनमें से 21 को मुक्त करवाकर बाल आयोग भेजा गया। बचे तीन बच्चे मदरसा संचालक मौलाना इरफान के हैं, जो उन्हें सौंप दिए गए।

मौलाना का साथी शिक्षक सैफुल्लाह भी यहां काम करता है। दोनों बिहार के दरभंगा के गयारी थाना बिरौल के रहने वाले हैं। बाल आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि इरफान आजमगढ़ के दरियापुर गांव निवासी जीशान का मकान किराये पर लेकर मदरसा चला रहे थे। टीम की पूछताछ में बच्चे अपना पता नहीं बता सके।

हालांकि, यह कहा कि वे बिहार के रहने वाले हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि मौलाना जन्नत जाने की तालीम देते थे। कहते थे कि इससे मां और पिता की याद नहीं आती। बाल आयोग की सदस्य ने बताया कि मदरसे को मिलने वाली फंडिंग, आर्थिक संसाधन सहित अन्य की गहनता से जांच की जाएगी। टीम ने जब डायरी में हिंदी में लिखने के लिए कहा तो मदरसा संचालक और मौजूद शिक्षक ने बताया कि उन्हें सिर्फ उर्दू आती है।

बाल आयोग की टीम को मदरसे का पंजीकरण नहीं मिला। यहां शौचालय, पीने के पानी, अग्निशमन उपकरण, प्राथमिक इलाज आदि का इंतजाम भी नहीं था। महिला आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। परिवहन के साथ संयुक्त बैठक हो और रणनीति बनाकर कार्रवाई की जाए।

## नवविवाहित जोड़े के रिश्ते में खटास आने से हुआ विवाद

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**ढबारसी।** यहां के निवासी युवक का रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीस दिन पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही दोनों में किसी बात को लेकर अनबन होनी शुरू हो गई थी। बुधवार को भी दोनों में कहासुनी हुई थी। इसके नाराज होकर प्रेम विवाह करने वाली युवती ने आत्महत्या करने की कोशिश की।



हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अमरोहा पारिवारिक विवाद के चलते विवाहिता को पुलिस में शिकायत करना भारी पड़ गया।

पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक का मुकदमा दर्ज किया है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला इकरार नगर के रहने वाले सफीकुद्दीन की बेटी गुलजार की शादी 11 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत दिल्ली के सीलमपुर थानाक्षेत्र के ब्रह्मपुरी झुग्गी केबल के पास रहने वाले फुरकान के साथ हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते गुलजार फ्लिहाल अपने मायके में रहती है। 15 अप्रैल 2024 को गुलजार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। 18 अप्रैल को पति फुरकान घर आया और तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो परिवार समेत जान से मार दूंगा। तभी से विवाहिता मानसिक रूप से परेशान है। उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया के मामले में फुरकान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शादी समारोह में भिड़े दो पक्ष, महिलाओं से छेड़खानी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**डिडौली।** शादी समारोह में खाने को लेकर अलग-अलग बिरादरी के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी ठंडे चले। एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया गया। महिलाओं के साथ छेड़खानी की गई। घटना में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए।



मौके पर पहुंची पुलिस में बिगड़ते हाल संभाले। पुलिस ने दोनों पक्ष के तेरह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ये घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया के एक मोहल्ले की है।

28 अप्रैल की रात यहां पर सैनी बिरादरी के एक परिवार में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही अनुसूचित जाति के युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने मारपीट और गाली-गलौज करने से मना किया तो दबंग हाथ में फावड़ा और तमंचे लेकर घर में घुस आए। जान से मारने की नीयत से फावड़े से हमला कर दिया।

बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। तमंचे की बट से भी हमला किया। बचाव में आई घर की महिलाओं के साथ छेड़खानी की। गर्भवती महिला को भी लाठी डंडों से पीटा गया। घटना में दोनों पक्ष के चार लोग घायल हो गए।

## पति-पत्नि की बीच हुई कहासुनी को लेकर फंदे पर झूली विवाहिता

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अमरोहा।** पति से छिपकर पत्नी किसी से बात करती थी। पति-पत्नी के बीच झगड़े में मोबाइल टूट गया। पत्नी ने मोबाइल ठीक करानी की जिद की। मोबाइल से शुरू हुई बात इतनी बढ़ी कि पत्नी ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




अलीगढ़ के कस्बा गंगीरी निवासी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शादी को एक साल हुआ है। पत्नी मोबाइल पर किसी से बात करती थी। मोबाइल को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और पांच दिन पहले मोबाइल तोड़ दिया।

20 वर्षीय सविता देवी मोबाइल ठीक कराने की जिद कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था। उन्होंने बताया कि 1 मई को ससुराल से सास व साला आए और दोनों के बीच समझौता करा गए।

2 मई की सुबह दस बजे के करीब पत्नी सविता देवी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर खूंटी पर दुपट्टे का फंदा बनाया और उस पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे सीओ छर्रा रविशंकर प्रसाद व इंसपेक्टर संजीव कुमार ने दरवाजा बंद देख एफएसएल टीम को सूचना दी। तब एफएसएल टीम ने दरवाजा तोड़ कर खूंटी पर लटकी सविता देवी को नीचे उतारा और पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

मृतक सविता देवी के मायके वालों को सूचना दी गई, लेकिन तीन बजे तक मायके वाले नहीं पहुंचे। इंसपेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सविता देवी ने खूंटी पर दुपट्टा का फंदा बना कर आत्महत्या की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

# प्रेक्षक ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव व पुलिस परीक्षा डॉ० प्रियंका नरवरे ने बुधवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ०4 मई को जनपद के सभी ग्रामों में एक दिन-एक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद में मतदान के दिन त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए। आमजन को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, पोस्टर, फ्लेक्स आदि लगाए जाए। उन्होंने कहा कि एआरओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट एसएसटी टीम को चेक करें तथा उनका विजिटर रजिस्टर ही बनाएं।

उन्होंने कहा कि टीम को मुख्यतः रात में चेक करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान निर्वाद्य रूप से जारी रहे इसलिए मतदान दल नाश्ता और दोपहर का भोजन इस प्रकार करें कि मतदान निर्बाध रूप से जारी रहे उन्होंने कहा कि नाश्ता प्रातः 7:०० से पहले तथा दोपहर




का भोजन ऐसे समय करें जब मतदान बूथ पर कम भीड़ हो। उन्होंने मतदान प्रतिशत में बढ़ाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लेने के लिए कहा। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग की पुलिस अधिकारी ड्यूटी चार्ट पर साइन कर उसकी अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि निर्वाचन को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान केंद्रो व बूथों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया गया है। मतदान के दिन बूथ पर छाया व पीने के पानी की व्यवस्था भी होगी तथा लाइन में खड़े दिव्यांग व बुजुर्गों के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि 4 मई को जनपद के सभी ग्रामों में एक दिन एक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित कर मतदाता जागरुकता रैली निकाली जाएगी तथा मतदान की शपथ भी दिलाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि जनपद में मतदान के दिन त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिसमें इनर सर्कल, आइसोलेशन सर्कल व आउटर सर्किल रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में मतदान के दिन पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, सभी उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आयोग द्वारा प्रवेश के लिए अनुमन्य व्यक्ति ही बूथ के अंदर करें प्रवेश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने कहा कि पीठासीन अधिकारी को यह जानकारी होनी चाहिए कि बूथ के अंदर आयोग द्वारा किसको प्रवेश के लिए अनुमन्य किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल वही व्यक्ति ही बूथ के अंदर प्रवेश करें यह सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कहा कि पोलिंग एजेंट उसी बूथ का या निकटवर्ती बूथ का या अपवाद की दिशा में उसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए। मतदाता पर्ची को मतदान करने हेतु प्रर्याप्त साक्ष्य के रूप में अनुमन्य नहीं किया गया है अर्थात केवल मतदाता पर्ची



के आधार पर कोई व्यक्ति मतदान नहीं कर सकेगा। उसे आयोग द्वारा मतदाता की पहचान हेतु अनुमन्य विकल्पों में से कोई एक विकल्प प्रस्तुत करना ही होगा।

उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेन्ट के पास मतदाता पहचान पत्र अथवा कोई फोटोयुक्त शासकीय पहचान पत्र होना अनिवार्य है जिससे उसकी पहचान स्थापित होती हो। बूथ एवं उसके 1०० मीटर के दायरे में किसी भी राजनैतिक दल का नाम एवं चुनाव चिन्ह एवं कोई प्रचार सामग्री न हो।

उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को मतदान दिवस से एक दिन पूर्व व मतदान दिवस पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी की पांच रिपोर्ट व चार घोषणाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पीठासीन, मतदान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण सम्पन्न

**बदायूं।** ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ० ख़ालिद ने बताया है कि हज-2०24 पर जाने वाले हज यात्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं दो दिवसीय वैक्सीनेशन/टीकाकरण सम्पन्न हो गया है। ज़िला महिला अस्पताल बदायूँ स्थित अचल प्रशिक्षण केन्द्र में हज-2०24 हेतु जाने वाले समस्त हज यात्रियों को मैनिनगोकॉकल मैनिनजाइटिस वैक्सीन तथा सीजनल इन्फ्लुएन्जा वैक्सीन/टीकाकरण जिला महिला अस्पताल बदायूँ की वैक्सीनेशन/टीकाकरण टीम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन/टीकाकरण चिकित्सकों क़मर इक़बाल, असलम एवं आसिफ़हुसैन की देखरेख में नर्स फ़रहा सलीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक मुहम्मद अली,ज़िला हज कमेटी के सदस्य अफ़ज़ाल हुसैन एवं मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर बदायूँ के पूर्व प्रधानाचार्य मुफ़्ती शमशाद हुसैन द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण एवं वैक्सीनेशन/टीकाकरण में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के मुअज़्ज़म यार ख़ाँ अनुदानित मदरसों मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर बदायूँ तथा मदरसा आलिया क़ादरिया मौलवी टोला के प्रधानाचार्यों एवं समस्त स्टाफ़ का विशेष सहयोग रहा। हज यात्रियों हेतु तृतीय एवं अन्तिम प्रशिक्षण ०5 मई 2०24 रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मदरसा शमसुल उलूम घण्टाघर बदायूँ में आयोजित किया गया है जिसमें समस्त हज यात्रियों का प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

### उड़न दस्ता दल का चेकिंग अभियान जारी

**बदायूं।** उड़न दस्ता दल निरंतर रूप से चेकिंग अभियान चला रहा है। गुरुवार को मनसा नगला, उसावा रोड विधानसभा क्षेत्र दातागंज, शेखूपुर, बदायूँ, बिल्सी, सहसवान एवं बिसौली में वाहनों की चेकिंग की गई। ईएसएमएस (इलैक्शन सीज़र मैनेज़मेंट सिस्टम) पोर्टल पर प्रत्येक का अपडेशन कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी बदायूं के द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन शिफ्टों में तीन अलग-अलग फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है अर्थात एक शिफ्ट में तीन अलग-अलग टीमें अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग का कार्य करेंगी, जोकि निरंतर रूप से कार्यरत है।

### बूथ की लोकेशन व कतार की जानकारी के लिए डाउनलोड करें 'माय बूथ बदायूँ' एप

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2०24 के परिपेक्ष्य में जनसामान्य को अवगत कराते हुए बताया कि मतदाताओं की सुगमता के लिए मतदान दिवस ०7 मई 2०24 को प्रातः ०7:०० बजे से सांय ०6:०० बजे तक अपने बूथ की लोकेशन, बूथ पर लगने वाली कतार आदि की स्थिति का आंकलन करने हेतु 'माय बूथ बदायूँ' एप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस एप से जनपद के मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी भी होगी।

### आज बदायूँ क्लब में होगा दिव्यांग मतदाता सम्मेलन व शपथ कार्यक्रम

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण/प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानाकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद बदायूँ में मतदान दिवस ०7 मई 2०24 को शतप्रतिशत मतदान कराये जान हेतु दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं/दिव्यांग आइकन एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के द्वारा ०3 मई 2०24 को सांय ०6:०० बजे बदायूँ क्लब, बदायूँ में दिव्यांग मतदाता सम्मेलन तथा मतदाता शपथ कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने दिव्यांग आइकन, अध्यक्ष मूकबधिर, अध्यक्ष दिव्यांग एकता संगठन एवं स्पेशल एजूकेटर्स संकेत भाषा को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया है कि उक्त कार्यक्रम में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर पहुंचकर व अन्य दिव्यांग मतदाताओं को अपने स्तर से उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।

### आज होगा समस्त पुलिस व प्रशासनिक जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) केशव कुमार ने अवगत कराया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2०24 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस जोनल/सेक्टर अधिकारियों को मजिस्ट्रियल व लॉ एण्ड ऑर्डर आदि का प्रशिक्षण प्रेक्षकगण की उपस्थिति में डायट स्थित आडिटोरियम में ०3 मई 2०24 को अपरान्ह ०3:3० बजे से ०5:3० बजे तक दिया जाएगा। सभी को अपरान्ह ०3:०० बजे से ०3:3० बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रेक्षक व डीईओ ने लिया निर्वाचन की तैयारियों का जायज़ा, दिए निर्देश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव, पुलिस प्रेक्षक डॉ० प्रियंका नरवरे व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ मंडी समिति में बनाए गए पोलिंग पार्टी रवानगी व वापसी स्थल, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल आदि व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वह लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस ०7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

प्रेक्षक व अधिकारियों ने मण्डी में प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था आदि विभिन्न



पहलुओं पर निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ०6 मई को मण्डी समिति से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी, ०7 मई को जनपद में मतदान होगा, मतदान समाप्ति उपरान्त पोलिंग पार्टियों की वापसी मण्डी समिति में होगी तथा मतगणना ०4 जून होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल मतगणना के दिन व पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोग की मंशा अनुरूप मतदान केंद्रो व बूथो पर एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया गया है। इस अवसर पर एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, प्रशासन रेनू सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने बूथो का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने बुधवार को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खैरी सहित विभिन्न बूथो का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बूथो पर मतदाताओं के लिए छाया का प्रबंध करने व पीने के पानी का प्रबंध करने के लिए कहा।



सामान्य प्रेक्षक ने बूथो पर

कराई गई एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का निरीक्षण किया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों अनुरूप सभी अधिकारी कार्य करें व निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न कराए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिल्सी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 5० प्रतिशत से अधिक बूथों पर होगी वेब कास्टिंग

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के अन्तर्गत मतदान दिवस ०7 मई को जनपद के 5० प्रतिशत से अधिक बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जा जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है कि जो भी कार्यक्रम आयोजित करें उसकी पूर्व अनुमति अवश्य लें। उन्होंने बताया कि जनपद में धारा 144 प्रभावी है, इसका अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का भी गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण कराया जा रहा है।

## मतदाताओं की सुगमता हेतु बनाया गया 'माय बूथ बदायूँ' एप

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2०24 के परिपेक्ष्य में जनसामान्य को अवगत कराते हुए बताया कि मतदाताओं की सुगमता के लिए मतदान दिवस ०7 मई 2०24 को प्रातः ०7:०० बजे से सांय ०6:०० बजे तक अपने बूथ की लोकेशन, बूथ पर लगने वाली कतार आदि की स्थिति का आंकलन करने हेतु 'माय बूथ बदायूँ' एप बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस एप से जनपद के मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी भी होगी। जिसको मोबाइल पर लिंक से या क्यूआर कोड के माध्यम से डाउनलोड कर प्रयोग में ला सकते है। यह लिंक व क्यू आर कोड जनपद की वेवसाइट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने सभी से अपील की कि 'माय बूथ बदायूँ' एप को अपने मोबाइल पर डाउनलोड अवश्य करें और दूसरो को भी करवाएं।

## बूथो पर रहे छाया व पीने के पानी का प्रबंध

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने गुरुवार को बिसौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संविलियन विद्यालय ललुआ नगला, प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, प्राथमिक विद्यालय बीधा नगला सहित विभिन्न बूथो का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर ग्रामवासियों व मतदाताओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि वह निर्भीक होकर मतदान दिवस ०7 मई 2०24 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सामान्य प्रेक्षक ने बूथो पर मतदाताओं के लिए छाया का प्रबंध करने व पीने के पानी का प्रबंध करने के लिए कहा। उन्होंने बूथो पर कराई गई एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का निरीक्षण किया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों अनुरूप सभी अधिकारी कार्य करें व निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न कराए। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वन विभाग की मिली भगत से हरे पेड़ों का हो रहा है कटान

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** वन विभाग रेंज की मिलीभगत से हरे पेड़ो का कटान खूब धडल्ले से करवाया जा रहा है। जो पर्यावरण के साथ खिलवाड़ होता हुआ नजर आ रहे हैं, इससे पहले भी वन विभाग सहसवान काफी अखबार की सुर्खियां में रहा है और सूत्रों के मुताबिक बीती 24 तारीख को गुलर के पेड़ो का कटान हुआ था जो कि बिल्सी के ठेकेदार फहीम और दीन मोहम्मद और रामचंद्र



गुधनी के बताए जा रहे हैं, जिसकी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई इसके बाद बीते रात बिल्सी से सिरासौल रोड पर सरकारी शीशम कटवाई गई है जो कि वन विभाग के इन्ही अधिकारियो और ठेकेदारों की मिलीभगत से पर्यावरण के खिलवाड़ किया जा रहा है, जबकि इसकी सूचना रेंज से लेकर जिले के आला अधिकारियो तक को सूचित करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई अब देखना यह है कि आने वाले समय में क्या होता है।

# उझानी में खूंखार बंदरों का के हमले से पत्रकार घायल, निजी अस्पताल में भर्ती

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उझानी।** कस्बा में खूंखार बंदरों के आतंक से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बन्दर आये दिन लोगों को निशाना बना रहे हैं। एक टीवी चैनल के जिला संवाददाता व वरिष्ठ पत्रकार एम. आरिफ खान पर बंदरों के झुंड ने हमला बोलते हुए उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

पत्रकार आरिफ खान बीती दोपहर 3 बजे कबरेज करके घर लौट



रहे थे कि मोहल्ला साहूकारा में खूंखार बंदरों के झुंड ने हमला बोलते हुए टीवी पत्रकर एम. आरिफ खान को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई और उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। आपको बता दें कि कस्वे में इन दिनों खूंखार बंदरों ने आतंक मचा रखा है और अब तक दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं, मगर पालिका प्रशासन व वन विभाग इस ओर से अभी भी आंखें मूंदे बैठा है। लोगों का मानना है कि बंदरों को गैर जनपदों से लाकर कस्वे में छोड़ा जा रहा है, और यह खूंखार बन्दर हर दिन लोगों को निशाना बना रहे हैं। नगर वासियों ने बंदरों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाने की जिला प्रशासन से मांग की है।

# सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में घर-घर जाकर मांगे वोट



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**गुन्नौर।** सपा नेता इंजी. भावेश यादव ने समाजवादी पार्टी के बदायूं से प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर, भोजपुर, पतेई, नगरिया में जनसंपर्क करते हुए घर घर पहुंचकर वोट मांगे। इस मौके पर सपा नेत ने गांव गांव बताया कि भाजपा ने जनता से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, पूरा नहीं किया। नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन सरकार में आने पर ऐसे फैसले किए, जिससे युवाओं की नौकरियां चली गई। भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन महंगाई बढ़ा दी। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर से लेकर दाल, सब्जी, दूध, तेल सभी चीजों के दाम बढ़ गये। महंगाई की मार से गरीब, मध्यम वर्ग सब तबाह हो गया है। संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आयी भाजपा ने पूरे कार्यकाल में संविधान पर खरी नहीं उतरी। बाबा साहब के संविधान को खत्म करने का प्रयास किया। भाजपा ने संविधान के साथ लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। सत्ता का दुरूपयोग किया। संवैधानिक एजेंसियों का प्रयोग अपने विरोधियों को परेशान और प्रताड़ित करने के लिए किया। भाजपा आरक्षण विरोधी है। जनता के अधिकार छीन रही है। आज हर वर्ग में भाजपा के प्रति आक्रोश है। बेरोजगार, नौजवान भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से और नाराज है इस बार लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। पीडीए समाज अपने आरक्षण और आरक्षण देने वाले संविधान को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ थोक के भाव वोट कर रहा है तो भाजपाई सरेआम झूठ बोलने पर उतारू हो गये है। 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में भाजपा सरकार ने जिस प्रकार पिछड़ों का आरक्षण मारा है। सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर वहां नौकरियों में आरक्षण को खत्म कर दिया गया है विश्वविद्यालयों में हुई भर्तियों में नियमानुसार आरक्षण नहीं दिया गया। लोकसभा चुनाव में पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई है।

## आज होगा समस्त माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) केशव कुमार ने अवगत कराया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2०24 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए समस्त माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण डायट स्थित आडिटोरियम, बदायूँ में दिनांक ०3 मई 2०24 को प्रातः ०8:3० बजे से अपराह्न 12:3० बजे तक होगा। उन्होंने समस्त माइक्रो आब्जर्वर से अपेक्षा की है कि वह प्रशिक्षण में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माईग्रेशन सर्टिफिकेट जिसका अनुक्रमांक 123138141 एवं इनरोलमेंट नंबर ०92०3112/(68) वास्तव में कहीं खो गया है, जिसकी यूपी पुलिस की साइट पर ऑनलाइन रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है।

**अशोक कुमार पुत्र श्री बाबूराम, नि. ग्राम प पोस्ट खुर्रमपुर भमौरी, बिसौली-बदायूं।**

## संपादकीय

# क्षेत्रीय व्यापार समझौते के जरिए..



दक्षिण एशिया के छोटे देश द्विपक्षीय एवं बड़े क्षेत्रीय व्यापार समझौते के जरिये पूर्व की ओर रुख कर रहे हैं जिसका परिणाम होगा कि इन देशों के व्यापार पर चीन का दबदबा बढ़ता जाएगा। बता रही हैं अमिता बत्रा पिछले महीने के शुरू में श्रीलंका में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी की सदस्यता के लिए वह अपने आवेदन को मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। अधिकारी ने यह भी कहा कि आरसेप के वर्तमान सदस्यों ने किसी नए सदस्य को अपने समूह में शामिल करने के लिए नया ढांचा तैयार किया है। अधिकारी के अनुसार आरसेप के सदस्यों के साथ उसकी बातचीत चल रही है। श्रीलंका ने इस 15 सदस्यीय व्यापक क्षेत्रीय व्यापार समझौते का हिस्सा बनने के लिए 2०23 में आवेदन किया था। उसने इस वर्ष थाईलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी किया था। यह स्पष्ट है कि हिंद महासागर का यह छोटा देश संकट से उबर रही अपनी अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की पहल कर रहा है और पूर्वी एशियाई क्षेत्रीय, वैश्विक मूल्य तंत्र यआरवीसी, जीवीसीद्ध केंद्र के साथ जुड़ने में पूरी शक्ति झोंक रहा है।

श्रीलंका द्वारा नीतिगत स्तर पर उठाया गया यह कदम सराहनीय है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि वह गर्त में जाने के बाद आर्थिक सुधार की प्रक्रिया से गुजर रहा है। श्रीलंका ने आर्थिक मझधार से निकलने के लिए जो कदम उठाए हैं वे निर्यात में विविधता लाने पर केंद्रित हैं। इसका कारण यह है कि श्रीलंका में हाल में पैदा हुए बाह्य ऋण संकट के लिए आंशिक रूप से सीमित वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात था जिसके कारण उसके पास जमा विदेशी मुद्रा भंडार घटता चला गया। श्रीलंका से होने वाले निर्यात में परिधान चाय एवं रबर जैसी प्राथमिक जिंस और सेवाओं में मुख्य रूप से पर्यटन शामिल हैं। इसके अलावा श्रीलंका श्रम उत्पादकता में गिरावटए श्रम बल में युवाओं की कमी और युवा एवं काम करने वाली आबादी के पलायन से जूझता रहा है। क्षेत्रीय मूल्य व्यवस्था के साथ बैकवर्ड इंटीग्रेशन श्रम बल और देश में औद्योगिक उत्पादन दोनों के लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। बैकवर्ड इंटीग्रेशन एक ऐसी स्थिति है जिसमें कोई कंपनी, देश आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति करने वाली दूसरी कंपनी या अधिक उत्पादन के लिए आवश्यक उत्पाद खरीदता, खरीदती है। आरवीसी एक समान रूप से श्रमोन्मुखी होता है और विनिर्माण विशेषज्ञता एवं प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देती है। श्रीलंका ने तुलनात्मक रूप से अधिक लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते यएफ्टीएद्ध में भी रुचि दिखाई है जो अपने आप में बड़ी बात है। आरसेप में कई क्षेत्रों में विश्व व्यापार संगठन यॅज्ब्द्ध प्लस नियामकीय प्रावधान भी शामिल हैं मगर थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय एफ्टीए में दोनों देशों के बीच 15 वर्षों की अवधि के दौरान बड़े स्तर पर शुल्क उदारीकरण के अलावा सीमा शुल्क प्रावधान। निवेश एवं बौद्धिक संपदा अधिकार भी समाहित किए गए हैं। लॉकइन यप्रावधानों से जुड़ी अनिवार्य शर्त द्ध प्रभाव के माध्यम से ये प्रावधान श्रीलंका में संरचनात्मक एवं नियामकीय नीति सुधारों को बढ़ावा देंगे जिससे यह बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अधिक आकर्षक बन जाएगा। आरसेप साझा एवं उद्गम के संचयी नियमों की पेशकश करता है। जो जीवीसी एकीकरण को बढ़ावा देते हैं। ये श्रीलंका को निर्यातोन्मुखी विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद करेंगे। इसके अलावा थाईलैंड की मदद से श्रीलंका को पूर्वी आर्थिक गलियारे यईईसीद्ध के साथ जुड़ने में भी मदद मिल जाएगी। ईईसी एक विशेष आर्थिक क्षेत्र यएसईजेडद्ध है जिसका उद्देश्य उच्च तकनीकी क्षेत्र में थाईलैंड की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह क्षेत्रीय मूल्य व्यवस्था यआरवीसीद्ध और संपर्क परियोजनाओं के जरिये व्यापार एवं निवेश के अवसरों को पड़ोसी आसियान और एशियाई अर्थव्यवस्था तक ले जाता है। व्यापार एवं माल परिवहन यलॉजिस्टिकद्ध मार्गों की स्थापना के लिए बंदरगाह शहर कोलंबो यजो स्वयं एक एसईजेडद्ध और ईईसी के बीच संपर्क की संभावनाओं पर भी विचार हो रहा है। इस संदर्भ में यह ध्यान देने योग्य है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान थाईलैंड आसियान में चीन और जापान से निवेश झटकने के मामले में सबसे आगे रहा है। मलेशिया जैसे दूसरे आसियान देशों ने भी श्रीलंका में अपनी बड़ी कंपनियों से निवेश बढ़ाने में रुचि दिखाई है। उन्होंने आरसेप में शामिल होने के लिए श्रीलंका के आवेदन को भी अपना पूरा समर्थन देने का मन बना लिया है। लिहाजाए मुक्त व्यापार समझौता यध्ज्ाद्ध नीति श्रीलंका को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में में मदद कर सकती है।

**अमर भास्कर**


( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-2436०1**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# कैसे दूर हों ऋणशोधन कानून की खामियां



ऋणशोधन प्रक्रिया में असामान्य देरी हो रही है। वेणुगोपाल धूत के वीडियोकॉन समूह के विरुद्ध ऋणशोधन प्रक्रिया अगस्त 2०19 में आरंभ हुई थी जब राष्ट्रीय कंपनी विधि पंचाट ने कॉर्पोरेट कर्जदारों के समेकन की इजाजत दी थी।

अक्टूबर 2०19 में संभावित बोलीकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति यएक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट यानी ईओआईद्ध आमंत्रित की गई। एक माह बाद वेदांत समूह ने अपनी ईओआई प्रस्तुत की और इसके एक वर्ष बाद यानी नवंबर 2०2० में वेदांत समूह की कंपनी ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज लिमिटेड यटीएसटीएलद्ध ने अंतिम समाधान योजना पेश की। यह 2,962 करोड़ रुपये की बोली थी जिसमें अपरिवर्तनीय डिबेंचर शामिल थे।

दिसंबर 2०2० में टीएसटीएल को सफल बोलीकर्ता माना गया। ऋणदाताओं की समिति ने समाधान योजना मंजूर की और 95 ०9 फीसदी ने इसका समर्थन किया। एनसीएलटी ने जून 2०21 में मंजूरी दे दी लेकिन जनवरी 2०22 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील पंचाट यएनसीएलएटीद्ध ने उसके आदेश को पलट दिया। टीएसटीएल ने तत्काल सर्वोच्च न्यायालय में अपील कीए लेकिन दो वर्ष बाद भी हालात जस के तस हैं। अप्रैल 2०23 में टीएसटीएल ने सर्वोच्च न्यायालय से कहा कि वह वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के पूर्व चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की अपील को खारिज कर दे। धूत ने वीडियोकॉन को समूह की 12 कंपनियों के साथ अधिग्रहीत करने की दिवालिया अदालत से मंजूर बोली के खिलाफ अपील की थी। धूत ने टीएसटीएल की बोली को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए यह मांग की कि बैंकों को उनकी 31ए789 करोड़ रुपये की समाधान योजना स्वीकारने को कहा जाए। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता यआईबीसीद्ध अगस्त 2०16 में आई थी। माना जा रहा था कि इसके आने के बाद संकटग्रस्त कंपनियों और फंसी परिसंपत्तियों का समाधान आसान होगा। उस समय तक दिवालिया प्रक्रिया कई कानूनों और कई मंचों में बंटी थी जिसमें वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठनए ऋ्रणवसूली पंचाटए लोक अदालत और रिजर्व बैंक की कॉर्पोरेट ऋण पुनर्गठन योजना आदि शामिल थीं।

नए कानून के तहत सितंबर 2०16 में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने एक स्टील उत्पादक कंपनी के खिलाफ मामला दाखिल किया जिस पर 955 करोड़ रुपये का कर्ज था। जून 2०17 तक रिजर्व बैंक ने ऐसे 12 देनदारों की सूची बनाई जिनके खिलाफ वह तत्काल दिवालिया प्रक्रिया चाहता था। इसके बाद अगस्त 2०17 में 28 देनदारों की नई सूची आई। दोनों सूची को जोड़कर देखा जाए तो ये कुल मिलाकर भारतीय बैंकिंग तंत्र के 1० लाख करोड़ रुपये के फंसे कर्ज में 5० फीसदी से अधिक के लिए जिम्मेदार थे। शुरुआती दिनों में सब ठीक था। परंतु बीते कुछ सालों में यह प्रक्रिया काफी धीमी पड़ी है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचा तो कई दिक्कतों में से एक है जिसके चलते मामलों के निपटारे की अवधि बढ़ती जा रही है और रिकवरी का मूल्य कम हो रहा है। एक बार देनदारी चूकने वाली की पहचान होने के बाद कर्जदाताओं की समिति समाधान पेशेवर यआरपीद्ध चुनती है ताकि मामले की निगरानी की जा सके। अगले चरण में सूचना ज्ञापन तैयार कर संभावित बोलीकर्ताओं से ईओआई मंगाया जाता है। बोलीकर्ताओं की अर्हता का आकलन करने के बाद बोली का आकलन किया जाता है और उपयुक्त समाधान योजना चुनी जाती है। कर्जदाता समिति मंजूरी के लिए एनसीएलटी के पास जाती है। आईबीसी की धारा 2० के अनुसार आरपी को परिसंपत्तियों के मूल्य की सुरक्षा और संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करने और देनदारों के संचालन को एक चालू संस्था के रूप में प्रबंधित करने की आवश्यकता है। यह धारा आरपी को इस बात की भी इजाजत देती है कि वे ऋणशोधन प्रक्रिया के दौरान अंतरिम वित्त जुटाएं। समाधान योजना लागू होने के बाद ऐसे फाइनेंसरों को प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया जाता है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की नवंबर 2०23 की रिपोर्ट के अनुसार रिकवरी दर मार्च 2०19 के 43 फीसदी से गिरकर सितंबर 2०23 में 32 फीसदी पर आ गई जबकि इस दौरान औसत समाधान अवधि दोगुनी बढ़कर 324 दिन से 653 दिन हो गई। जिसे कुछ शर्तों के अधीन बढ़ाया जा सकता है। फरवरी 2०24 में वित्तीय मामलों की स्थायी समिति की 67वीं रिपोर्ट में आईबीसी के डिजाइन की समीक्षा की बात कही गई। समिति ने पाया कि वास्तविक रिकवरी 25 से 3० फीसदी के बीच है और कुछ मामलों में समाधान में दो साल तक का समय लगा जो बहुत अधिक था। आईबीसी के बनने के बाद से 6/815 मामले एनसीएलटी के पास गए और इनमें से 2/827 मामले यानी 41 फीसदी मामले अभी भी समाधान प्रक्रिया में हैं। औसत समाधान अवधि बढ़कर तीन वर्ष से अधिक हो चुकी है।

# गैर विश्वसनीय उपकरणों का आकलन करें ऑपरेटर

दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार ऑपरेटरों से इसका आकलन करने के लिए कहा है कि उनके नेटवर्क के कितने उपकरण ऐसे हैं जिन्हें विश्वसनीय स्रोतों से नहीं लिया गया है। यह स्वआकलन राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे पुराने उपकरणों को बदलकर ष्विश्वसनीय स्रोतों से खरीदे गए नए उपकरण लगाने से जुड़ी संभावित लागत का पता लगाने में मदद करेगा।

दिसंबर 2०2० में सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा निर्देश की घोषणा की थी। इसके तहत सेवा प्रदाताओं को केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही उपकरण खरीदना अनिवार्य किया गया है। यह निर्देश जून 2०21 में लागू हुआ था।

निर्देश चीन की उपकरण विनिर्माता कंपनियों द्वारा विभिन्न देशों में जासूसी करने के लिए उपकरणों के इस्तेमाल करने की वैश्विक चिंता के अनुरूप था। इस निर्देश के लागू होने से पहले भारत के कई दूरसंचार ऑपरेटर चीन की कंपनियोंए खास तौर पर हुआवे तथा जेडटीई से उपकरण खरीदते थे और उनके नेटवर्क में अभी भी ऐसे उपकरण काम कर रहे हैं। स्व. आकलन उपकरणों को बदलने में दूरसंचार ऑपरेटरों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ का अनुमान लगाने और यदि इस पर सहमति बनती है तो कितनी सरकारी मदद की जरूरत होगी उसके आकलन करने सहित कई मकसद को पूरा करेगा। दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फ्लिहाल ऑपरेटरों से उनके नेटवर्क में गैरण्विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खरीदे गए उपकरण के आंकड़े जुटाने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद दूरसंचार विभाग की योजना कोई निर्णय लेने से पहले इससे जुड़ी लागत का आकलन करने की है। दूरसंचार विभाग का प्रस्ताव अमेरिका में लागू ष्रिप ऐंड रिप्लेसष् कार्यक्रम के समान है। जिसमें वहां की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम के तौर पर समझे जाने वाले उपकरणों को बदलने के लिए दूरसंचार कंपनियों को प्रतिपूर्ति के वास्ते धन आवंटित किया था। अमेरिका में इस योजना को फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन द्वारा 2०2० में शुरू किया गया था और इसके लिए शुरुआत में 1ण्9 अरब डॉलर की राशि तय की गई थी।



हालांकि 2०24 में अतिरिक्त 3ण्०8 अरब डॉलर की फंडिंग का प्रस्ताव किया गया और उपकरणों को बदलने की समयसीमा भी बढ़ा दी गई। खबरों के मुताबिक अमेरिका की पांच दूरसंचार कंपनियों ने जनवरी 2०24 तक सरकार की सहायता से अपने नेटवर्क में चीन में बने उपकरणों को बदल दिया था। ब्रिटेन में भी चीन में बने उपकरणों को 2०27 तक बदलने के लिए दूरसंचार फर्मों की खातिर इसी तरह की योजना लाए जाने की उम्मीद है। हालांकि कुछ कंपनियों का कहना है कि वे इस समयसीमा तक सभी उपकरण को बदलने में सक्षम नहीं होंगे। भारत में ज्यादातर 5जी नेटवर्क गैरण्चीनी कंपनियों खास तौर पर एरिक्सन और नोकिया द्वारा बनाए गए हैं। इसके साथ ही रिलायंस जियो ने स्वदेशी उपकरण भी विकसित किए हैं। देश में 5ण्5० लाख 5जी टावर हैं। जबकि यूरोप और अमेरिका दोनों को मिला दें तो इन देशों में करीब तीन लाख टावर हैं। चीन की कंपनियों द्वारा आकर्षक कीमत पर उच्च गुणवत्ता के उपकरण मुहैया कराने के तर्क के बीच दूरसंचार ऑपरेटरों के विरोध के मद्देनजर सरकार ने हुआवे और जेडटीई के उपकरणों को विश्वसनीय स्रोत के रूप में मंजूरी नहीं दी। विश्वसनीय स्रोत की अनिवार्यता से पहले वोडाफोन आइडियाए भारती एयरटेल और सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल जैसी दूरसंचार फर्में हुआवे और जेडटीई से उपकरण खरीदते थे।

## खेल-खिलाड़ी

# पाकिस्तान ने आयरलैंड, इंग्लैंड टी2० सीरीज के लिए टीम का एलान किया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने आगामी टी2० विश्व कप के लिए टीम का एलान नहीं किया हैए लेकिन पीसीबी के चयनकर्ता ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी2० सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने सभी टीमों को अपने संभावितण्15 बताने के लिए एक मई की तारीख दी थी। हालांकिए समय बीत जाने के बावजूद पाकिस्तान टीम सामने नहीं आई। ऐसा कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को टीम भेज दी हैए लेकिन उसे सार्वजनिक करने का फैसला नहीं लिया है। इसके उलट पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी2० सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। ऐसा माना जा रहा है कि यही टीम टी2० विश्व कप में भी खेलती दिखाई पड़ेगी। 25 मई के बाद कोई भी टीम आईसीसी की इजाजत के बिना अपने 15 में बदलाव नहीं कर सकेगी।

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी2० सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं हारिस रऊफ की टी2० टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में मोहम्मद यूसुफए अब्दुल रज्जाक वहाब रियाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद तय की जाएगी। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी2० सीरीज की शुरुआत 1० मई से होने जा रही है। वहींए पाकिस्तान की टीम 22 मई से इंग्लैंड के खिलाफ उनके घर में चार मैचों की टी2० सीरीज खेलेगी।



मुख्य चयनकर्ता वहाब ने कहा। मोहम्मद रिजवानए हारिस रऊफ आजम खान और इरफान खान नियाजी की फिटनेस को लेकर मसले उठे हैं। लेकिन उनकी फिटनेस में काफी सुधार हुआ है और हमें पूरा भरोसा है कि वे आगामी मैचों में खेलेंगे। वहाब ने तेज गेंदबाज हसन अली को आगामी दौरे के लिए वापस बुलाने को भी सही ठहराया और कहा कि वह पहले से ही विचाराधीन थे और मूल रूप से वह हारिस के लिए बैक अप हैं। अगर हारिस रऊफ फिट हैं और आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह हमारी पहली पसंद होंगे। उन्होंने गेंदबाजी शुरू कर दी हैए लेकिन अगर वह फिट नहीं होते हैं तो हमारे पास हसन अली हैं। रऊफ पाकिस्तान सुपर लीग के शुरुआती चरण के दौरान अनफिट हो गए थे और फरवरी से नहीं खेले हैं।

वहीं। रज्जाक ने कहा कि लेग स्पिनर उसामा को टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि पाकिस्तान के पास पहले से ही शादाब खान और अबरार अहमद हैं। यूसुफने जोर देकर कहा कि न्यूजीलैंड की दोयम दर्जे की टीम के खिलाफटी2० सीरीज में 2/2 की बराबरी खराब नहीं थी। उन्होंने कहा यह सच है कि न्यूजीलैंड को कुछ मुख्य खिलाड़ियों की कमी खल रही थीए लेकिन यह भी पहली बार है कि हमने रोटेशन नीति को पूरी तरह लागू किया और नए खिलाड़ियों को सीरीज में आजमाया।

वहीं। रज्जाक ने कहा कि लेग स्पिनर उसामा को टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि पाकिस्तान के पास पहले से ही शादाब खान और अबरार अहमद हैं। यूसुफने जोर देकर कहा कि न्यूजीलैंड की दोयम दर्जे की टीम के खिलाफटी2० सीरीज में 2/2 की बराबरी खराब नहीं थी। उन्होंने कहा यह सच है कि न्यूजीलैंड को कुछ मुख्य खिलाड़ियों की कमी खल रही थीए लेकिन यह भी पहली बार है कि हमने रोटेशन नीति को पूरी तरह लागू किया और नए खिलाड़ियों को सीरीज में आजमाया।

# जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचेगी राजस्थान की टीम, हैदराबाद से है टक्कर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2०24 में आज 5०वां मैच खेला जाएगा। यह मैच सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान की टीम अगर जीतती है तो प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। वहीं सनराइजर्स की टीम पिछले दो मैच से पटरी से उतर गई है। इसलिए इस मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा। हार से उनकी आगे की राह कठिन हो जाएगी।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2०16 की चैंपियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 25० से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 2०० से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी है। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था। हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा। सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है । दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन मार्करम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर राजस्थान का अब तक का सफर बेदाग रहा है।

# मॉकड्रिल के दौरान भूकंप के लगे झटके, गंगा में डूबे कई लोग




**उत्तराखंड।** चारधाम यात्रा तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को उत्तराखंड के सात जिलों में मॉकड्रिल की गई। उत्तरकाशी जिले में मॉकड्रिल के दौरान कुछ कमियां पाई गईए जिसके बाद शासन की ओर से नई गाइडलाइन बनाई गई। नई गाइडलाइन के आधार पर दोबारा मॉकड्रिल करवाई जाएगी। टिहरी और देहरादून जिले में भी आपदा प्रबंधन मॉक अभ्यास किया गया।

आपदा से निपटने के लिए गुरुवार सुबह उत्तरकाशी जिला अस्पताल में मॉकड्रिल करवाई गईए लेकिन मॉकड्रिल में कुछ कमियां पाई गईं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट मुख्य विकास अधिकारी जयकिशन अपर जिलाधिकारी रज़ा अब्बास सहित सभी जिम्मेदार अधिकारी आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम यआईआरएसद्ध को सक्रिय कर आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी संसाधनों को तत्काल स्टेजिंग एरिया पहुचने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में रात से जारी बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन यात्री वाहन के मलबे में दबने यात्री वाहन गिरने आदि की सूचना मिली। उक्त घटनाओं की जिलाधिकारी को जानकारी दी गई। जिसके बाद जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जनपद स्तरीय आईआरएश एवं तहसील स्तरीय आईआरएस सक्रिय कि जाने के निर्देश दिए गए है।

उत्तरकाशी के रामलीला मैदान को स्टेजिंग एरिया बनाया गयाए जहां सभी संबंधित विभागों को अपनेण्अपने संसाधन भेजते हुए मौके पर पहुंचने के लिए कहा गया।

पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी भी कंट्रोल रूम पहुंचे। पुलिस एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनआईएम, आइटीबीपी, सेना, सहित विभिन्न संगठन से जुड़े राहत और बचाव कर्मी जरूरी संसाधन सहित स्टेजिंग एरिया पहुंचे। जिलाधिकारी ने एडीएम को रामलीला मैदान उत्तरकाशी में बनाए गए स्टेजिंग एरिया की कमान सौंपी है। जो घटनास्थल के लिए राहत बचावकर्मियों व अन्य संसाधनों को भेजने की जिम्मेदारी देखेंगे। वहीं डीईओसी टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय राजमार्ग 94 चम्बा, उत्तरकशी के स्थान, चम्बा धनौला पैट्रोल पम्प यकिमी 6०द्ध में 7ण्4 तीव्रता के भूकंप आने से एक बिल्डिंग के जमींदोज होने की सूचना मिलीइस संबंध में ऑब्जर्वर यएनडीआरएफद्ध अमीर चन्द द्वारा डीएम, एडीएम सहित संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कंट्रोल रूम एवं थाना चंबा को सूचना भेजी गई। स्टेजिंग ऐरिया, पुलिस लाइन चम्बा के मैदान में सभी उपलब्ध संसाधनों सहित आईआरएस खोज बचाओ टीम एकत्रित हुई। इंसिडेंट कमाण्डर द्वारा उपस्थित खोज, बचाव टीमों को घटना की सम्पूर्ण जानकारी देकर टीमों को रवाना किया गया। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान देहरादून जीजीआईसी स्कूल में आई आपदा में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए दून अस्पताल लाया गया। वहीं हरिद्वार में गंगा में कुछ लोग डूब गए। आपदा और बचाव राहत दल तत्काल घाट पर पहुंचा। डूबते हुए व्यक्तियों को बचाया। इस दौरान कुछ को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं जिलाधिकारी ने यात्रा के दौरान भगदड़ की सूचना पर तत्काल नोडल अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। रोशनाबाद में बैठक संपन्न हुई। बचाव दल और कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया।

# बेटे की खामोशी से मां-बाप बेहाल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन के सामने मंगलवार को मासूम के कान से सुनने वाली मशीन लूटने घटना ने शहर के लोगों को झकझोर दिया है। पुलिस के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। शहर की व्यस्तम सड़क पर दिनदहाड़े वारदात हुई। बाइक सवार दो लुटेरे आए और ऑटो में बैठे पांच साल के बच्चे के कान से सुनने की मशीन लूट कर भाग गए, लेकिन पुलिस को इस लाचार मासूम की मासूमियत पर कतई रहम नहीं आया। पुलिस केवल तहरीर पर तहरीर का खेल खेलती रही। 34 घंटे के अंतराल में तीन तहरीर बदल दी गई। पहले गुमशुदगी दर्ज की अब इस मामले में छिनैती में केस दर्ज किया गया है।

कटघर के कमला विहार पीतलनगरी निवासी अधिवक्ता नकुल सिंह का पांच वर्षीय बेटा राघव एलकेजी में पढ़ता है। बच्चा जन्म से सुन नहीं सकता था। पिछले साल अगस्त माह में नकुल ने बेटे की कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी कराई थी। जिसमें एक इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगाई थी। इसके बाद से राघव सुनने लगा था।

उसे एबीसीडी और क, ख, ग सिखाया जा रहा था। इसके अलावा सप्ताह में दो बार उसे स्पीच थेरेपी करानी पड़ती थी। मंगलवार दोपहर नकुल की पत्नी




कुसुम लता अपने बेटे को साथ लेकर ऑटो से टीएमयू जा रही थी। रेलवे स्टेशन के सामने बाइक सवार दो लुटेरे आए और राघव के कान से डिवाइस निकाल लेकर गए थे।

घटना की जानकारी मिलने पर नकुल सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और मां बेटे से पूछताछ की। कुसुम लता पूरी घटना पुलिस को बताई। बच्चा कुछ बोल नहीं पा रहा था। पुलिस ने इसका फायदा उठा लिया। बच्चे और उसके मां बाप को कोतवाली ले गए। उनसे तरह तरह के सवाल किए।

इसके बाद उनसे लूट की तहरीर नहीं ली। उनसे दूसरी तहरीर लिखवाई गई। उनसे कहा गया कि बच्चे की डिवाइस चोरी नहीं हुई है। वह कहीं गुम हुई है। भले ही पुलिस के लिए वो एक डिवाइस हो, लेकिन बच्चे के शरीर का हिस्सा बन चुकी थी। जिसके जरिए उसकी जिंदगी में खुशियां आने लगी थीं। लेकिन लुटेरे डिवाइस के साथ ही उसकी खुशियां भी लूट ले गए हैं।

दो दिन से बच्चा खामोश है। लेकिन पुलिस को उसके इस दर्द का कोई एहसास नहीं है। पुलिस ने घटना को गुमशुदगी में दर्ज कर उसके दर्द को और बढ़ा दिया है। जबकि पिता ने घटना के तुरंत बाद ही लूट की तहरीर दी थी। बुधवार रात दस बजे पिता नकुल को फिर से कोतवाली बुलाया और छिनैती की तहरीर ली। घटना के 34 घंटे बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसपी सिटी ने बताया कि छिनैती में केस दर्ज किया गया है। मासूम राघव की मशीन लुटी तो वो खामोश हो गया। रात भर परेशान रहा और बुधवार को स्कूल नहीं गया। बच्चे की खामोशी से उसके मां बाप और बड़ा भाई बेहाल है। बीच बीच में कान की ओर राघव इशारा करके बताता है कि अब उसे आवाज नहीं आ रही है। इससे मां बाप और भाई की आंखों से भी आंसू छलक आते हैं।

# हेमकुंड साहिब पहुंचे सेना के जवान अरदास के बाद खोला गया मुख्य द्वार

**चमोली।** हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम जारी है। सेना एवं यात्रा को संचालित करने वाले गुरुद्वारा ट्रस्ट के सेवादार बर्फ के बीच में से रास्ता बनाते हुए श्री हेमकुंड साहिब की पवित्र भूमि पर पहुंचे। सेना के 35 सदस्य एवं ट्रस्ट के 15 सेवादारों की मौजूदगी में यहां अरदास के बाद गुरुद्वारे प्रांगण के मुख्य द्वार को खोला गया।

गुरुद्वारे का मुख्य द्वार खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब से नीचे की और मार्ग पर बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मौसम साफ होते ही सेना के जवानों और गुरुद्वारे के सेवादारों ने हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया था। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग घांघरिया से दो किमी आगे अटलाकोटी ग्लेशियर प्वाइंट से आगे बर्फ से ढका हुआ है।

सेना के जवान और सेवादार रविवार को गोविंदघाट से घांघरिया के लिए रवाना हुए थे। उन्हें सोमवार को बर्फ हटाने का काम शुरू करना था। लेकिन मौसम खराब होने से सोमवार को काम नहीं हो पाया। मंगलवार को मौसम साफ रहा। जिसके बाद सेना के जवानों और सेवादारों ने पहले मार्ग का निरीक्षण किया और फिर बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया गया। सेना के जवान हेमकुंड साहिब पहुंच गए हैं। यहां नीचे की और मार्ग पर बर्फहटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई से शुरू होगी। गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि जवानों और सेवादारों ने हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से बर्फहटाने का काम शुरू कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को वाल्मीकि समाज का मिला भरपूर समर्थन



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक संजय गुप्ता पोली के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के युवा योद्धा दीपक कुमार उर्फ दीपू ने भाजपा प्रत्याशी लोकसभा संभल 8 से परमेश्वर लाल सैनी के चंदौसी पहुंचकर सैकड़ो की संख्या में एकत्रित वाल्मीकि समाज ने अपना पूर्ण समर्थन तन मन धन से पूर्ण सहयोग देकर भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजई बनाने का संकल्प लिया, जिस पर भाजपा प्रत्याशी ने वाल्मीकि समाज के साथ हमेशा दुख सुख में खड़े रहने का विश्वास दिलाकर अपना आशीर्वाद वाल्मीकि समाज को आश्वासन दिया। इस मौके पर विपिन कुमार, अनुराग अनु, संजय, सहदेव, विनीत, सहदेव, हर्ष सहदेव, आलोक भारती, राजीव, पंकज, रोहित, प्रमोद कुमार, विवेक, चमन चोपड़ा, सुभाष ड्राइवर, प्रदीप, रवि कुमार, मुकेश कुमार, पूरन सिंह, चंद्रसेन, अक्षय, वीरेंद्र कुमार व समस्त वाल्मीकि समाज मौजूद रहा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने नई पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से ०6 मई को होने वाली पार्टी रवानगी स्थल टिकटा रोड नई पुलिस लाइन बहजोई का निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों के लिए बनाए जाने वाले पंडाल, पार्किंग स्थल,आदि का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक व्यवस्थाओं तथा परिवहन आदि की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### मुरादाबाद में पारा 35.4 डिग्री, तेज हवा चलने का अनुमान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मई माह के पहले सप्ताह में गर्मी से कुछ राहत मिली है। हवा में नमी होने की वजह से 24 घंटे में मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक ने बृहस्पतिवार को भी तेज हवा चलने का अनुमान व्यक्त किया है। बुधवार को मौसम सुबह से ही साफ था। सुबह में तेज धूप निकली थी, लेकिन समय के साथ हवा भी तेज होती गई। दोपहर के समय मुरादाबाद के आसपास के क्षेत्रों में हल्के बादल भी छाए। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में .2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह के समय वातावरण में नमी 38 फीसदी थी, जो शाम को सिर्फ 17 फीसदी दर्ज की गई। पश्चिम से पूरब दिशा में हवा 15 से 2० किलोमीटर प्रति घंटा रही। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि पहाड़ों पर हल्की ठंडी हवा आ रही है। इसका असर मैदानी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इसलिए मुरादाबाद के आसपास के क्षेत्रों में तापमान 35 डिग्री पर आ गया है। बृहस्पतिवार को मुरादाबाद जिले के आसपास धूप खिलने के साथ मौसम शुष्क रहेगा।

# रास्ते को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** खेत पर जाने के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया। कि एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तो परिजनों द्वारा घायलों को थाना केला देवी लेकर पहुंचे तो कैला देवी पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा थाना कैलादेवी क्षेत्र के सोपाली पुत्र दरियाब किशनपाल पुत्र सोपाली पातीराम पुत्र सोपाली राधेश्याम पुत्र सोपाली रामवीर पुत्र दरियाब निवासी ग्राम मंडावली बृहस्पति की सुबह लगभग 7:०० बजे अपने खेत पर काम करने जा रहे थे।

तभी दूसरे पक्ष ने रास्ता रोक लिया जब उन्होंने अपने खेत पर जाने को कहा तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायलों को थाना पहुंचाया गया। तो थाना कैला देवी पुलिस ने गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# चंदौसी नगर पालिका की लापरवाही के चलते जनता परेशान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चंदौसी।** नगर पालिका चंदौसी में रेलवे स्टेशन के नजदीक डॉक्टर विजय कृष्ण हॉस्पिटल के सामने पांच शौचालय काफी लंबे समय से बंद पड़े हैं उनमें ताला लगा रखा है। इस संबंध में पहले भी समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किए गए हैं। मगर फिर भी अभी तक नगर पालिका परिषद चंदौसी की तरफ से इसकी कोई खैर खबर नहीं ली गई है। जोकि अपने आप में विचारणीय बिंदु है। उपरोक्त पांचों शौचालय पर पानी के टैंक रखे हुए थे। मगर अब वो टैंक भी गायब कर दिए गए हैं। कहां गए वो टैंक, कोई अता-पता नहीं। यह नगर पालिका परिषद चंदौसी की एक बहुत बड़ी लापरवाही कही जाएगी, क्योंकि रेलवे स्टेशन पर यात्री आते जाते रहते हैं। उनके लिए शौच और मूत्र विसर्जन के लिए कोई भी सरकारी सुविधा नहीं हैं। जिससे यात्री और आम नागरिक परेशान का सामना करने के लिए मजबूर हैं। एक ओर जहां योगी सरकार जगह जगह शौचलाय बनाकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अग्रेषित है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका चंदौसी योगी जी की योजनाओं को चूना लगाते नजर आ रही है।

# मजदूर दिवस पर मजदूरों को गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा मजदूर दिवस पर मजूदरों को कुछ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। शिखा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया, कि जिस तरह समाज में सभी लोगों की आवश्यकता होती है। उसी तरह हमें अपने मजूदरों का भी सम्मान करना चाहिए वहां दिनभर धूप में सर्दियों में हमारे लिए काम करते हैं। तभी तो हमारे घर को सुन्दर बना पाते हैं। इसलिए हमें मजूदरों को भी मजदूर दिवस पर सम्मानित करना चाहिए। इस मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना, फरेडशन आफिसर शिखा शर्मा और ग्रुप के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, सुमन सैनी आदि मौजूद रहे।

# वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा की जांच करने पहुंचे डीएमओ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकयत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जॉच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकयत का संज्ञान लेकर विभाग द्वारा वक्फ बोर्ड की रजिस्टर्ड कब्रिस्तान की भूमि का भौतिक सत्यापन कराया गया हैं।

उन्होने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलम सराय अन्दर चुंगी स्थित वक्फ में रजिस्टर्ड कब्रिस्तान की भूमि को भूमाफियाओं द्वारा खरीद फरोख्त किये जाने की शिकयत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी



ने कार्यवाही की है। मुतावल्ली मोइनुद्दीन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी की आलम सराय अन्दर चुंगी स्थित वक्फ में रजिस्टर्ड कब्रिस्तान भूमि को बेगम सराय निवासी राशिद हुसैन व शाहिद हुसैन पुत्रगण वारिद हुसैन ने अवैध रुप से विक्रय कर दी है। शिकायत का संज्ञान लेकर अल्पसंख्यक विभाग ने करवाही शूरू की हैं

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 को निष्पक्ष, स्वतन्त्र व पारदर्शी सम्पन्न कराने हेतु जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत वृहद् मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी न्यायिक विनोद जोशी ने स्पोर्ट स्टेडियम से खिलाड़ियों को मतदाता जन जागरूकता अभियान के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया साथ ही उन्होने मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजकीय इंटर कॉलेज कासगंज में मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें 'प्रथम स्थान अनामिका कक्षा 12, द्वितीय स्थान रचित कक्षा 12, तृतीय स्थान ज्योति कक्षा 11 ने प्राप्त किया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 में स्वीप अभियान के तहत बैंक ऑफ इंडिया शाखा कासगंज ब्लॉक ने ग्राहकों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान भास्कर ने अवगत कराया कि उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कासगंज के तत्वाधान में औद्योगिक आस्थान ईस्माईलपुर रोड कासगंज में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली का अयोजन कर औद्योगिक इकाइयों में उद्यमियों, कार्मिकों, श्रमिकों को ०7 मई को मतदान करने हेतु जागरूक किया। रैली में गोयल एण्ड कंपनी, मनकू थ्रेसर, छाया सोप एवं औद्योगिक आस्थान के समस्त उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें मतदान की शपथ दिलाई।

# निर्वाचन कार्मिकों को दो पालियो में दिया प्रशिक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए श्री गणेश इण्टर कॉलेज, कासगंज में मतदान कार्मिकों को दो पालियो में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में चुनाव प्रक्रिया से संबंधी सभी मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई।

उक्त द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रथम व द्वितीय पाली में कुल 35 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोनो पालियों में अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी, जिला समन्वय जयन्त गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# शादी समारोह में खाने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शादी समारोह में खाने को लेकर अलग-अलग बिरादरी के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया गया। महिलाओं के साथ छेड़खानी की गई। घटना में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालत संभाले। पुलिस ने दोनों पक्ष के 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ये घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया के एक मोहल्ले की है। बीते दिनों यहां पर सैनी बिरादरी के एक परिवार में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही अनुसूचित जाति के युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने मारपीट और गाली-गलौज करने से मना किया तो दबंग हाथ में फावड़ा और तमंचे लेकर घर में घुस आए। जान से मारने की नीयत से फावड़े से हमला कर दिया। बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। तमंचे की बट से भी हमला किया। बचाव में आई घर की महिलाओं के साथ छेड़खानी की। गर्भवती महिला को भी लाठी डंडों से पीटा गया।

## चीन के सबसे उन्नत विमानवाहक पोत का परीक्षण शुरू



**बीजिंग।** चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। ताइवान और दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के बीच चीन ये परीक्षण कर रहा है। बुधवार से शुरू हो रहे परीक्षण में पोत के स्थायित्व, और इलेक्ट्रिक सिस्टम का प्राथमिक तौर पर परीक्षण किया जाएगा।

चीन ने साल 2022 में फुजियान विमानवाहक पोत को लॉन्च किया था। अभी तक फुजियान पोत अपने मूरिंग परीक्षण और अन्य तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया है।

याग्जी नदी में यातायात परिवहन पर रोक 9 मई तक जारी रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन साल 2035 तक दक्षिण चीन सागर में पांच या छह विमानवाहक पोतों की तैनाती का लक्ष्य लेकर चल रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन का कई देशों के साथ विवाद चल रहा है।

चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा जताता है। इस वजह से चीन का फिलीपींस, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान के साथ सीमा विवाद चल रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना कई बार फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों को रोक चुकी है। चीन अपने विमानवाहक पोतों का नाम अपने राज्यों के नाम पर रखता है। फुजियान प्रांत ताइवान जलडमरूमध्य की सीमा पर स्थित चीन का राज्य है। इसके अलावा चीन के पहले दो विमानवाहक पोत लियोनिंग और शानडोंग हैं।

चीन का पहला विमानवाहक पोत लियोनिंग था, जिसे साल 2012 में कमीशन किया गया था। लियोनिंग सोवियत काल के विमानवाहक पोत का उन्नत संस्करण था। चीन का दूसरा विमानवाहक पोत शानडोंग साल 2019 में कमीशन हुआ। फुजियान एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम है, जिसे चीन में ही विकसित किया गया है। यह अमेरिका के आधुनिक विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर.फोर्ड जैसा ही है। फुजियान का कुल वजन 80 हजार टन है, जो कि बाकी दो पोतों से 20 हजार टन ज्यादा है।

चीन के पूर्व के दो विमानवाहक पोत स्की जंप टेक-ऑफरैंप से लैस हैं, जबकि फुजियान में फ्लैट टॉप फ्लाइट डैक की सुविधा है। चीन अपने विमानवाहक पोतों पर जे-15 फाइटर जेट की तैनाती करता है।

इसी के तहत पनडुब्बी, युद्धक जहाज की संख्या लगातार बढ़ा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक चीन लगभग हर महीने एक नौसैनिक जहाज का निर्माण कर रहा है। साथ ही चीन पाकिस्तान की नौसेना को भी मजबूत करने के लिए उसे युद्धक जहाज और पनडुब्बियां दे रहा है।

## सिंगापुर के पीएम पंद्रह को देंगे इस्तीफा

**सिंगापुर।** देश के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लूंग ने अपने अंतिम भाषण में एकजुटता की अपील की और कहा कि सिंगापुर के लोग चीन और भारत के साथ अपनी जातीय जड़ों को नकार नहीं सकते हैं।

लूंग की जगह उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग लेंगे। मई दिवस रैली के दौरान ली ने कहा, श्सामाजिक मेलजोल काफी अहम है। नस्ल, भाषा और धर्म पारंपरिक तौर पर सिंगापुर से अलग नहीं हो सकता।

सिंगापुर की साझा पहचान के लिए काफी कोशिशें की गई हैं और देश हमेशा बाहरी ताकतों का सामना करेगा, जो कि अपनी आबादी के अलग-अलग वर्गों को अलग दिशाओं में खींचते हैं। प्रधानमंत्री ली ने कहा कि हम अपनी विविध जातीय जड़ों और धार्मिक लगाव को खत्म नहीं कर सकते, जिनमें चीन के साथ चीनी सिंगापुरी, भारत में अपने विभिन्न पैतृक घरों वाले भारतीय सिंगापुरी आदि शामिल हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सदस्यता देने की फलस्तीन की मांग का भारत ने किया समर्थन



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफकिया और कहा कि दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फलस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फलस्तीन की मांग का समर्थन किया है। पिछले महीने अमेरिका ने फलस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फलस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा। गौरतलब है कि साल 1974 में फलस्तीन मुक्ति संगठन को फलस्तीन के लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला भारत पहला गैर अरब देश था।

साल 1988 में भारत ने फलस्तीन को अलग देश की मान्यता दी थी। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत के नेतृत्व ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि इस्राइल और फलस्तीन के बीच सीधी और सार्थक बातचीत होनी चाहिए और दोनों देशों में दो राष्ट्र के सिद्धांत से ही शांति आ सकती है। भारत ने इस दिशा में दोनों देशों से सीधी शांति वार्ता फिर से शुरू करने की अपील की।

इस्राइल हमास के बीच जारी युद्ध पर भारत ने कहा कि इस संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिकों, खासकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है और गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है, जो बिल्कुल अस्वीकार्य है। कंबोज ने इस्राइल पर 7 अक्तूबर को हुए हमले की भी कड़ी निंदा की और कहा कि वह आतंकी हमला चौंकाने वाला था और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। भारत का रुख आतंकवाद के सभी रूपों के साथ समझौता न करने वाला रहा है। भारत सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करता है।

## दक्षिण एशिया में सामान्य से बेहतर मानसून का अनुमान



**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून को लेकर भारत के लिए अच्छी खबर है। इस साल भारत समेत दक्षिण एशिया में मानसून सीजन यानी जून से सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने का अनुमान है। साउथ एशियन क्लाइमेट आउटलुक फोरम ने 2024 के मानसून सीजन के लिए जारी पूर्वानुमान में यह बात कही है।

एसएएससीओएफने पूर्वानुमान में कहा है कि दक्षिण एशिया के उत्तरी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। इस दौरान अधिकतर क्षेत्रों में सामान्य से ऊपर तापमान रह सकता है।

यह क्षेत्रीय जलवायु पूर्वानुमान दक्षिण एशिया के सभी नौ राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और जल विज्ञान सेवाओं ने तैयार किया है। इसमें एसएएससीओएफ के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद ली गई है।फोरम ने कहा कि वर्तमान में मध्यम अल नीनो की स्थितियां बनी हुई हैं। चार महीने के मानसून सीजन के पहले दो महीने यानी जून-जुलाई के दौरान अल नीनो की स्थिति तटस्थ बने रहने की उम्मीद है।

उसके बाद के दो महीने यानी अगस्त-सितंबर के दौरान ला नीना की अनुकूल स्थिति बनने की पूरी संभावना है।एसएएससीओएफ की रिपोर्ट आने से पहले ही भारत मौसम विभाग यानी आईएमडी ने भारत में पहले ही सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जता चुका है। पिछले महीने आईएमडी ने दक्षिणपश्चिम मानसून सीजन के लिए जारी अपने पूर्वानुमान ने कहा था कि भारत में दीर्घकालिक औसत का 106 फीसदी बारिश होगी।

आईएमडी ने यह भी कहा था कि चार महीने के सीजन के बाद के दो महीने में अधिक वर्षा होगी, क्योंकि तब ला नीना की अनुकूल प्ररिस्थितियां बनेंगी।

भारतीय मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पाई ने बताया कि अल नीना की स्थिति में मध्य प्रशांत महासागर में सतह का पानी गर्म हो जाता है और इसके परिणामस्वरूप भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून कमजोर पड़ जाता है और सूखे की स्थिति बन जाती है। वहीं, ला नीना की स्थिति में ठीक इसके उलट होता है और इसके प्रभाव से मानसून सीजन में सामान्य से अधिक वर्षा होती है।

## साठ प्रतिशत साइड इफेक्ट तनाव जनित

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना टीका और टीकाकरण की तस्वीर ब्रिटेन से अलग है। ब्रिटेन के कोर्ट में एस्ट्राजेनेका ने कुछ दुर्लभ मामलों में प्रतिकूल प्रभावों की पुष्टि की है। भारत में टीकाकरण के बाद खून के थक्के के केस कुल टीकाकरण की तुलना में आधा फीसदी भी नहीं मिले हैं।

प्रतिकूल प्रभावों में से 60 फीसदी से अधिक के लिए टीकाकरण को लेकर डर, इंजेक्शन फोबिया जैसे तनाव व कुछ अन्य बीमारियां जिम्मेदार रही हैं। ये आंकड़े टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभाव की जांच लिए गठित राष्ट्रीय समिति की रिपोर्ट के हैं। 2021 से 2023 के बीच समिति ने 16 अलग-अलग बैठक में कुल 1,681 प्रतिकूल मामलों की समीक्षा की।

कोवाक्सिन टीका की खुराक लेने के बाद तबीयत बिगड़ने पर अस्पतालों में दाखिल हुए लोगों से जुड़े थे।

## कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारियों ने हॉल कब्जाया




**जेरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह विरोध विश्वविद्यालयों तक पहुंच गया है। करीब दो सप्ताह से चल रहे प्रदर्शनों से कॉलेज प्रशासन परेशान हैं। इस बीच, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के हैमिल्टन हॉल पर कब्जा कर लिया। चेतावनी देने के बाद भी फलस्तीनी समर्थक पीछे हटने को तैयार नहीं हुए।

इसके बाद पुलिस ने मंगलवार देर रात कार्रवाई कर हैमिल्टन हॉल को खाली कराया। न्यूयॉर्क पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ने पहले खुद परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने और व्यवस्था बहाल करने की कोशिश की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को परिसर खाली करने की चेतावनी दी, लेकिन कोई पीछे नहीं हटा। इसके बाद पुलिस से मदद मांगी गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने सख्ती करते हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय के हैमिल्टन हॉल से 30 से 40 प्रदर्शनकारियों को बाहर निकाला और परिसर को खाली कराया। बताया जा रहा है कि 17 मई तक अब कॉलेज पुलिस की कड़ी निगरानी में रहेगा। बता दें, कोलंबिया में अप्रैल महीने की शुरुआत में विरोध-प्रदर्शन शुरू हुए। अब यह विरोध-प्रदर्शन कैलिफोर्निया से लेकर मैसाचुसेट्स तक फैल गए हैं।

वहीं, प्रशासन को प्रदर्शनकारियों को हटाने का दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के विश्वविद्यालयों में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शन और तेज हो गए हैं। यहां पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी एक और सप्ताह जारी रही। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारियों ने, जहां अमेरिका का झंडा लगा होता है, वहां फलस्तीनी झंडा लगाया। इसके अलावा, हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस के पत्रकारों का भोज होना था। यहां जो बाइडन के रात्रिभोज को संबोधित करने की उम्मीद थी। कार्यक्रम से पहले यहां फलस्तीनियों का समर्थन कर रहे लोग पहुंच गए। इनमें से कुछ ने होटल की सबसे ऊपरी मंजिलों में से एक पर फलस्तीनी झंडा लगा दिया।

घटनास्थल पर मौजूद प्रदर्शन कारियों ने इस पर तालियां बजाईं। प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी केफिए और तरबूज के प्रतीक वाले कपड़े पहने थे। उन्होंने वाशिंगटन हिल्टन के बाहर फलस्तीनी मुक्त के नारे लगाए। साथ ही कहा कि हम कवरेज की मांग करते हैं।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस्राइल और गाजा की खबरों को अधिक से अधिक दिखाने के मकसद से यह प्रदर्शन किया जा रहा है। परिसरों से करीब लगभग 275 लोगों को गिरफ्तार किया।

## दुनिया में बदल दिए गए 44 फीसदी नदियों के मुहाने



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बांधों और भूमि सुधार परियोजनाओं ने ढाई लाख एकड़ क्षेत्र में मौजूद मुहाने को शहरी क्षेत्रों या कृषि भूमि में बदल दिया है। यह क्षेत्र आकार में मैनहट्टन से करीब 17 गुना बड़ा है। भू-सुधार के तहत भूमि से पानी को सुखाना और तलछट जमा करना शामिल है। वैश्विक स्तर पर 44 फीसदी नदी मुहानों को बदल दिया गया है।

इससे सबसे ज्यादा प्रभावित तेजी से विकसित होते देश हो रहे हैं। अध्ययन जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में प्रकाशित हुआ है।

शोधकर्ताओं ने वैश्विक स्तर पर नदियों के 2,396 मुहानों का अध्ययन किया है, जिनका मुंह 90 मीटर से अधिक चौड़ा था। इसके लिए 1984 से 2019 तक लैंडसैट से प्राप्त रिमोट सेंसिंग आंकड़ों की मदद ली गई है। इन मुहानों के 1,027 वर्ग किलोमीटर यानी 2 लाख 50 हजार एकड़ क्षेत्र को शहरी या कृषि भूमि में बदल दिया। इनमें से करीब आधे यानी 47 फीसदी मुहाने एशिया में स्थित हैं।

शोध में पाया कि विकासशील देशों ने मुहानों के सबसे अधिक क्षेत्र को खोया, जो इस दौरान भूमि-उद्धार के करीब 90 फीसदी क्षेत्र के बराबर है। जब कोई देश मध्यम आय की राह पर अग्रसर होता है तो वह अक्सर विकास की गति को और तेज करना चाहता है।अध्ययन के अनुसार मुहाने बेहद महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र होते हैं जहां मीठे पानी की नदियां खारे समुद्र से मिलती हैं। यह जमीन और समुद्र के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं जो न केवल वन्य जीवों को आवास प्रदान करते हैं साथ ही कार्बन के भण्डारण में भी मददगार होते हैं।

इसके साथ ही यह परिवहन के केंद्र के रूप में काम करते हैं। खराब या खोए हुए मुहाने पानी की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाते हैं, वन्यजीवों के आवास भी कम हो गए हैं।

## हाईवे का एक हिस्सा ढहा, कई गाड़ियां दबीं

**बीजिंग।** चीन के गुआंगदोंग प्रांत में बुधवार को एक भीषण हादसा हुआ। यहां एक हाईवे का पूरा हिस्सा अचानक ही ढह गया। इस घटना के बाद करीब 18 वाहन मलबे में दब गए। हादसे में अब तक कम से कम 19 लोगों के मारे जाने की खबर है।

पुलिस के मुताबिक, मेझू शहर और दाबू काउंटी के बीच बने एस12 हाईवे का करीब 17.9 मीटर हिस्सा अचानक ही ढह गया। यह घटना देर रात करीब 2.10 बजे की है।

स्थानीय मीडिया ने 19 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं 30 लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं और उनका इलाज जारी है। इस घटना का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें मलबे में दबे वाहनों से धुआं निकलते देखा जा सकता है।

## रूस ने ओडेसा में किया मिसाइल हमला



**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफसे मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस हमले में कई आवासीय भवनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। उस हमले में दो नागरिक घायल हो गए थे। इस हमले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। यूक्रेन दो वर्षों से अधिक समय से रूसी आक्रमण को रोक रहा है।

रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है। यक्रेन के एक अधिकारी ने हमले का वीडियो जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह समुद्र के किनारे एक के बाद एक कई बम विस्फोट हुए। इससे भगदड़ मच गई। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के हमले में तबाह हुए भवनों में एक शैक्षणिक संस्थान भी था, जिसे बोलचाल की भाषा में हैरी पॉटर कैसल के रूप में जाना जाता था।

अधिकारियों ने इसके टावर और छतों की जलती हुईं तस्वीरें भी साझा की हैं। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। उस हमले में दो नागरिक घायल हो गए थे। इस हमले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई थी।

यूक्रेन दो वर्षों से अधिक समय से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने हमले का वीडियो जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह समुद्र के किनारे एक के बाद एक कई बम विस्फोट हुए। इससे भगदड़ मच गई। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के हमले में तबाह हुए भवनों में एक शैक्षणिक संस्थान भी था।

## चर्च में किया बच्चे के साथ यौन शोषण




**वाशिंगटन।** गुरु-शिष्य का रिश्ता बड़ा ही पवित्र होता है। ऐसे में अमेरिका इस रिश्ते को तार तार करने की चौकाने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक शिक्षिका ने सारी हदें पार कर दीं। उसे अरकंसास चर्च से एक किशोर का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

26 वर्षीय रीगन ग्रे को इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था, जब यह स्पष्ट हो गया था कि वह लिटिल रॉक इमैनुएल बैपटिस्ट चर्च में स्वयंसेवा करते हुए 2020 से 15 वर्षीय लड़के के साथ दुर्व्यवहार कर रही थी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, लड़के के माता-पिता ने फोन पर शिक्षिका के कई सारे मैसेज देखने के बाद चर्च के पादरी से शिकायत की थी।

जांच करने पर सामने आया कि उसने किशोर को नग्न तस्वीरें भेजी थीं। पूछताछ के समय लिटिल रॉक क्रिश्चियन अकादमी में काम करने वाली शिक्षिका ने बताया कि उसके संबंध शारीरिक नहीं थे।

हालांकि, फिर भी चर्च अधिकारियों ने उसे स्वयंसेवक भूमिका से निलंबित कर दिया। इस साल फरवरी में जांच में सामने आया कि 26 वर्षीय महिला स्नैपचौट पर 15 वर्षीय लड़के को मैसेज कर रही थी। अदालती कागजों के अनुसार, लड़के ने संघीय अधिकारियों को बताया कि ग्रे ने उसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे।

## पत्थर खदान में विस्फोट से तीन की हुई मौत

**तमिलनाडु।** प्रदेश के विरुद्धनगर जिले में करियापट्टी इलाके में एक पत्थर खदान में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत की खबर है। घटना बुधवार सुबह की है।

फिलहाल घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है और अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है। इससे पहले तमिलनाडु में मंगलवार शाम को हुए एक अन्य सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 15 लोग घायल हुए थे। दरअसल एक निजी बस यात्रियों को लेकर यरकौड से सेलम जा रही थी।

## रफाह में इस्राइली एक्शन का समर्थन नहीं



**वाशिंगटन।** अमेरिका और पाकिस्तान के क्षेत्रीय सुरक्षा के खतरों से निपटने में साझा हित हैं। हम आतंकवाद का मुकाबला करने और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने लिए पाकिस्तान के प्रयासों के प्रयासों का समर्थन करते हैं।

यह कानून के शासन और मानवाधिकार के संरक्षण को बढ़ावा देता है। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने मंगलवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। उन्होने कहा, सुरक्षा के मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ हमारी साझेदारी में उच्च स्तरीय आतंकवाद-रोधी वार्ता, आतंकवाद वित्तपोषण, आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण और अमेरिका व पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संबंधों का समर्थन करना शामिल हैं। युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता और रफाह में इस्राइल के जमीनी सैन्य अभियान की योजना को लेकर पटेल ने कहा, हमें अभी तक ऐसी कोई भरोसेमंद योजना नहीं दिखती है, जो क्षेत्र की विभिन्न चिंताओं, खासतौर पर क्षेत्र में गंभीर मानवीय चिंताओं को दूर करने की योजना, को संबोधित करेगी। रफाह एक ऐसा इलाका है जहां दस लाख से ज्यादा लोग शरण लेना चाहते हैं।

यह एक ऐसा क्षेत्र है जो मानवीय मदद पहुंचाने के साथ-साथ विदेशी नागरिकों को बाहर निकलने का रास्ता देता है। किसी भी तरह का सैन्य अभियान इन प्रमुख चिंताओं को संबोधित नहीं करता है। इसलिए निश्चित रूप से हमारे द्वारा विरोध किया जाएगा। पटेल ने आगे कहा, मैं कोई काल्पनिक बात नहीं कर रहा हूं।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप बैठक आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के दृष्टिगत 'स्वीप' अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को भव्यता एवं सफलता पूर्वक आयोजन कराने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।




उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि इस लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के प्रथम व द्वितीय चरण में मतदान प्रतिशत कम रहा है। जिस कारण तृतीय चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु समस्त निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारीगण अपने निर्वाचन कार्यों के साथ-साथ 'स्वीप-कार्यक्रमों को आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक भी करें।

उन्होने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने खण्ड शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से जनपद के प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक करें, मतदाता जागरूकता रैली निकालें, निबन्धन लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करें।

जनपद के समस्त प्रावैधिक शिक्षण संस्थानों, प्रशिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्रध्छात्राओं की सहायता से मतदान जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर मतदाताओं को जागरूक करें। कृषि अधिकारी समस्त खण्ड विकास अधिकारियों की सहायता से विकास खण्ड में किसान गोष्ठी, उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को मतदान के प्रति जागरूक करें। मण्डी सचिव पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से समस्त सब्जी विक्रेताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें।

मतदान दिवस के दिन प्रत्येक बूथ पर आंगनबाड़ी को बूथ सखी नियुक्त किया जायेगा, उन्हें गांव में जागरूकता रैली में सम्मिलित कर ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये गये। पिंक बूथ, महिला स्पेशल बूथ एवं दिव्यांग बूथ पर भी जागकर मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जाये। परियोजना अधिकारी डूडा आवास योजना के लाभार्थियों व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की बैठक कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करें। जिला पंचायतराज अधिकारी समस्त बूथों के शौचालयों की साफ-सफाई, विद्युत संयोजन या अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण कर लें।'स्वीप' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक गॉव में सफाई कर्मचारी डुग्गी या कूड़ा गाड़ी में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करें।

जनपद के समस्त प्रतिष्ठानों, शराब की दुकानों, बैंक शाखाओं, समस्त पशु चिकित्सालयों, ईरिक्शा या आटो में पोस्टर, बैनर इत्यादि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। व्यापार मण्डल अपने प्रतिष्ठानों पर बैनर लगवायें, नगर पालिका सभागार में गोष्ठी आयोजित करें। साथ ही समस्त भट्ठों, फैक्ट्रियों में जाकर मजदूरों को जागरूक करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुये समस्त अधिकारी निर्वाचन कार्यों के साथ-साथ स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को भी सम्पन्न करायें ताकि जनपद में तृतीय चरण में होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। बैठक में तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर विनोद जोशी, डिप्टी कलेक्टर योगिता सिंह, उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार विमल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायतराज अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बरातियों की कार जंगल में पलटी, तीन की मौत चालक समेत सात लोग घायल

**देहरादून।** शक्तिफार्म से बरातियों को लेकर जा रही कार के पूरनपुर पीलीभीत स्थित हरिपुर के जंगल में अनियंत्रित होकर पलटने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि चालक समेत सात लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही स्कूटी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी।



मंगलवार की शाम को ग्रामसभा बैकुंठपुर निवासी दीपांकर सरकार अपने पुत्र नरोत्तम सरकार के विवाह के लिए कई गाड़ियों में बरातियों को लेकर चंदिया हजारा के राहुल नगर के लिए निकले। रात करीब नौ बजे बरातियों से भरी एक कार हरिपुर के जंगल में सामने से आ रही स्कूटी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलटकर गड्ढे में जा गिरी। कई बार पलटने के बाद कार पेड़ से टकराई। दुर्घटना में कार सवार रुदपुर, शक्तिफार्म निवासी रेणुका रानी (7०), बैकुंठपुर निवासी कंचन सरकार (64) और बैकुंठपुर निवासी विशाखा मंडल (65) की मौत हो गई। जबकि कार में सवार नारायण प्रमाणिक (3०), गणेश मंडल (21), निहाल मुखर्जी (19), गोविंद (42), मनीष मंडल (14), उमेश सरकार (2०), दिपांकर मंडल (17) घायल हो गए। अफरा तफरी के बीच उन्हें सीएचसी पीलीभीत में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। मृतका रेणुका रानी दूल्हे की सगी नानी थी, जबकि कंचन सरकार व विशाखा मंडल दूल्हे की दादी लगती थीं। मौत की घटना के बार परिवार में कोहराम मच गया।

रात को घटना की जानकारी होते ही कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से फोन पर वार्ता कर घटना की पल-पल की जानकारी लेते रहे। उन्होंने घायलों को हर संभव मदद मुहैया कराई। इधर, मंत्री के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता सभी पीड़ित परिवारों से मिलने उनके घर पर पहुंचे और उन्हें हर संभव मदद के साथ मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# अश्लील वीडियो बनाकर युवती के मंगेतर को भेजा,टूटा रिश्ता

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** युवती का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म किया। यही नहीं युवती के मंगेतर को अश्लील वीडियो भेजकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला कोतवाली डिडौली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी सिलाई-कढ़ाई सीखती है। आरोप है कि केंद्र संचालिका के भाई ने युवती को बहला-फुसलाकर मोबाइल से चोरी छिपे उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। 18 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे आरोपी घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। तभी पास में सो रही बड़ी बहन की आंख खुल गई। शोर मचाने पर आरोपी गाली-गलौज कर भाग गया। आरोप है कि आरोपी ने युवती के मंगेतर के मोबाइल पर उसका अश्लील वीडियो भेज दिया। जिससे नाराज लड़के पक्ष के लोगों ने रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने आरोपी मोहम्मद के खिलाफ घर में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने को कहा है।

# खूबसूरत हर्षिल घाटी को आपका इंतजार

**उत्तराखंड।** हर्षिल घाटी जहां अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विश्व विख्यात है। तो यह क्षेत्र पौराणिक मंदिरों के लिए भी जाना जाता है। चारधाम यात्रा के दौरान यात्री गंगोत्री धाम के दर्शन के साथ हर्षिल घाटी के धराली, हर्षिल और मुखबा और बगोरी के सुंदर मंदिरों का दर्शन भी कर सकते हैं। इसमें धराली गांव में मौजूद 5 हजार वर्ष पुराना कल्प केदार मंदिर मुख्य है। जिसका आधा भाग जमीन के 15 फीट भीतर तक है। हर्षिल घाटी में चारधाम यात्रा के दौरान यात्री यहां बर्फ से ढंकी चोटियों के साथ ही नदियों, झरनों, देवदार सहित थुनेर के जंगलों को लुत्फ भी उठाते हैं। यहां पर 12 माह पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का दीदार करने पहुंचते हैं। तो वहीं चारधाम यात्रा के दौरान यात्री इस प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आध्यात्मिक अनुभूति का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां पर 24० मंदिरों को समूह था। जो कि वर्ष 18०3 के विनाशकारी भूकंप के दौरान भागीरथी नदी में झील बनने के कारण बह गए थे।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक पर रख दिया पत्थर, पलटने से बची नैनी दून एक्सप्रेस



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेल मंडल में बड़ा हादसा होने से बच गया। 8० किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही 11०० से अधिक यात्रियों से भरी नैनी दून एक्सप्रेस के सामने करीब 1०० किलो का पत्थर आ गया। इससे इंजन का पहिया उठ गया और गाड़ी 1०० मीटर तक घसीटती हुई गई। ड्राइवर ने समझदारी से किसी तरह ट्रेन को रोका। घटना मंगलवार रात देर शाम 7:3० बजे की है। देहरादून से काठगोदाम के बीच चलने वाली (12०91) नैनी दून एक्सप्रेस स्योहारा से आगे बढ़ी तो ट्रैक पर रखा बड़ा पत्थर पहियों के नीचे आ गया। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कार जोर से कट-कट की आवाज आई और बोगियां हिलने लगीं। ट्रेन में सवार यात्री घबरा गए। ड्राइवर ने फौरन ट्रेन की रफ्तार धीमी की और फिर ब्रेक लगाकर रोका। उतरकर देखा तो बड़ा पत्थर पटरियों और पहियों के बीच में था। ड्राइवर ने फौरन कंट्रोल को सूचना दी। मैकेनिकल विभाग की टीम ने मेवानवादा पहुंचकर औजारों से पत्थर के टुकड़े किए। इसके बाद बमुश्किल पहियों के बीच फंसे पत्थर को निकाला गया। इसके बाद ट्रेन को आगे बढ़ाया गया। ड्राइवर ने मेवानवादा से ट्रेन को आगे बढ़ाया जिससे अन्य ट्रेनें प्रभावित न हों। इसके बाद कांठ में रोककर घटनाक्रम रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। ट्रेन के ड्राइवर, सहायक ड्राइवर, गार्ड व यात्रियों के बयान दर्ज किए गए। इस दौरान ट्रेन कांठ में 36 मिनट खड़ी रही। घटनाक्रम को रेल अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा गया। सारे मामले की जानकारी होने के बाद रेलवे प्रशासन ने फौरन इस मामले की जांच बैठा दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पत्थर का वजन 1०० किलो से ज्यादा था। इतना विशाल पत्थर ट्रैक पर कहां से आया, यह सवाल रेलवे अधिकारियों को परेशान कर रहा है। जिस क्षेत्र में घटना हुई वहां आरपीएफ पेट्रोलिंग नहीं करती है, लेकिन रेलवे के ट्रैकमैन वहां पेट्रोलिंग करते हैं। इंजीनियरिंग विभाग के जिम्मेदारों से पूछताछ की जा रही है।

### इस बार नए आस्था पथ से बदरीनाथ तक पहुंचेंगे तीर्थयात्री

**बदरीनाथ।** इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। ऐसे में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य तेजी से चल रहे हैं। यहां आस्था पथ में भी बदलाव किया गया है। बदरीनाथ धाम तक पहुंचने वाला पुराना आस्था पथ ध्वस्त होने के कारण अब साकेत तिराहे से अलकनंदा किनारे से होते हुए करीब 1०० मीटर का नया रास्ता बनाया जा रहा है। इस मार्ग को नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, बामणी गांव से बदरीनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए भी करीब 3०० मीटर नए रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। यहां रीवर फ्रंट के कार्यों से पुराना रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है।

बदरीनाथ धाम परिसर के इर्द-गिर्द होटल, धर्मशाला और आवासीय मकान थे। अब उन्हें हटा दिया गया है। इन दिनों लोक निर्माण विभाग पीआईयू की ओर से मलबे का निस्तारण भी कर रहा है। साथ ही नगर पंचायत के 45 पर्यावरण मित्र बदरीनाथ धाम पहुंच गए हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि धाम में नए आंतरिक मार्गों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साकेत तिराहा से नए मार्ग का निर्माण अंतिम चरण में है। उधर, बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जहां प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं बीकेटीसी की ओर से मंदिर की साज सज्जा, सफाई व अन्य कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

# टोडरपुर में सती महारानी देवी मेले का हुआ शुभारंभ



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** अमांपुर विकास खण्ड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में प्रतिवर्ष लगने वाले दो दिवसीय मेले का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ. विक्रम राजपूत संग अध्यक्ष होरीलाल ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हवन-पूजन के बाद में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। हजारों की संख्या में जुटे सती महारानी देवी के भक्तों ने दरबार में मत्था टेककर पुण्य अर्जित किया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ विक्रम राजपूत ने कहा कि मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।

इसे सहेज कर रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मेले में सभी धर्म के लोगों की सहभागिता हमे मिलजुलकर रहने की सीख देती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डोरीलाल, हाकिम सिंह, देवी सिंह, खुशीराम, यादराम, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, लक्ष्मीनारायण, कोषाध्यक्ष खूब सिंह, वीरेंद्र सिंह, लज्जाराम, सूबेदार, डॉ जगदीश, अतर सिंह, आदि मौजूद रहे। मेले में जमकर हुई खरीदारी मातारानी की जात करने के बाद लोगों ने परिवार सहित मेले में जमकर खरीदारी की।

# प्रेम वाटिका संभल में महिला मोर्चा सम्मेलन किया गया आयोजित




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** लोकसभा क्षेत्र सम्भल में महिला मोर्चा सम्मेलन प्रेम वाटिका में आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख देव प्रचलित कर किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा कपिल मिश्रा बहनों को संबोधित करते हुए। कहा यह महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों के लिए मैं उनका हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देती हूं। हमारे शास्त्रों में नारी को हमेशा पूजा गया है।

नई छाए तो सब कुछ कर सकती है ऐसा कहते हुए उन्होंने सभी बहनों से परमेश्वर लाल सैनी के लिए वोटो की अपील की माननीय गुलाब देवी विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कहा। कि मैं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती हूं मेरी बहनों का सम्मान इसी सरकार मुमकिन है। किसी ओर मैं नहीं एक नारी एक परिवार चलती है कहीं मां के रूप में तो कहीं बहन के रूप में कहीं बेटी के रूप में तो कहीं पत्नी के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा। मैं मातृशक्ति के चरणों में नमन करता हूं। एक सशक्त पुरुष के पीछे भी एक महिला का ही हाथ होता है। बहनों से अधिक से संख्या में मतदान करने के लिए निवेदन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष राखी सिरोही ने की संचालन जिला महामंत्री मोक्षिका शर्मा ने किया। सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा एवं संभल महिला मोर्चा प्रवासी, शीला सागर कंचन। रेखा सैनी दर्शिका भारद्वाज, किस्मती, अनीता सभी मंडल की मंडल अध्यक्ष बहनें अपनी पूरी कार्यकारिणी ब्लाक की बहनें उपस्थित रही।

# भारतीय मानव कल्याण समिति ने विभिन्न स्कूलों में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** हनुमान गढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज,मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल,महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर स्कूल में मतदातों को जागरूक किया गया। भारतीय मानव कल्याण समिति प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल ने मतदाता जागरूकता तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लें। साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और 7 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने मोहल्ला, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करें।ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह जाए।



प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए ।मतदाता भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें । उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है। इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने कहा कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए खड़े हुए हैं, हमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमारे संविधान निर्माता पर हमे गर्व है। प्रधानाचार्य अरुण विपिन शर्मा ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत अधिकार का उपयोग करने का संवैधानिक अधिकार है जिसके माध्यम से हम नया प्रतिनिधि नया नेता और नई सरकार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं।एमडी मनोज गुप्ता मीनू ने कहा सभी स्कूलों में मतदान के दिन अवकाश होता है, इस अवकाश का उपयोग खुद मतदान करने एवम अपने परिवार के लोगो को मतदान स्थल तक पहुंचाने का कार्य करें।सभी बच्चों को चाहिए अपने अभिभावकों को मतदान जरूर करने का आग्रह करें और कहे पहले मतदान करके आये फिर खुद जलपान करे और हमको कराए। इस दौरान सीएमडी योजना गुप्ता,आकाश कुमार शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा, सुशील भोलेनाथ,सुरेश चंद्र यादव,जगपाल शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, अनमोल शर्मा, चंद्र शेखर शर्मा, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चंदौसी नगर पालिका की लापरवाही के चलते जनता परेशान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चंदौसी।** नगर पालिका चंदौसी में रेलवे स्टेशन के नजदीक डॉक्टर विजय कृष्ण हॉस्पिटल के सामने पांच शौचालय काफी लंबे समय से बंद पड़े हैं उनमें ताला लगा रखा है इस संबंध में पहले भी समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किए गए हैं। मगर फिर भी अभी तक नगर पालिका परिषद चंदौसी की तरफ से इसकी कोई खैर खबर नहीं ली गई है। जोकि अपने आप में विचारणीय बिंदु है।



उपरोक्त पांचों शौचालय पर पानी के टैंक रखे हुए थे मगर अब वो टैंक भी गायब कर दिए गए हैं। कहां गए वो टैंक कोई अता-पता नहीं। यह नगर पालिका परिषद चंदौसी की एक बहुत बड़ी लापरवाही कही जाएगी, क्योंकि रेलवे स्टेशन पर यात्री आते जाते रहते हैं। उनके लिए शौच और मूत्र विसर्जन के लिए कोई भी सरकारी सुविधा नहीं हैं जिससे यात्री और आम नागरिक परेशान का सामना करने के लिए मजबूर हैं। एक ओर जहां योगी सरकार जगह जगह शौचलाय बनाकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अग्रेषित है वहीं दूसरी ओर नगर पालिका चंदौसी योगी जी की योजनाओं को चूना लगाते नजर आ रही है।

# ग्राम प्रधान और बीडीसी मेंबरों की बैठक



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सम्भल की असमोली विधानसभा के पवांसा मण्डल के मनोरमा राघव इंटर कालेज में ग्राम प्रधान तथा बीडीसी मेम्बरों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अथिति कलसटर इंचार्ज मंत्री जसवंत सैनी के द्वारा संबोधित किया।

अध्यक्षता हरेन्द्र सिंह रिंकु भैया ने की उनहोंने कहा। कि अबकी बार मोदी प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनने जा रहें हैं। तो सांसद भी भारतीय जनता पार्टी का जीतना बहुत जरूरी है। छेत्रिये उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा। कि अबकी बार बडी संख्या में यादव भी भाजपा को लडा रहे हैं। सम्भल लोकसभा बहुत अच्छे मार्जिन से जीत रहे हैं आपके सहयोग से आप सैनी जी को सम्भल लोकसभा से भारी मतों विजयी बनायें बैठक में बडी संख्या में ग्राम प्रधान तथा बीडीसी मेम्बर उपस्थित रहे।

# परमेश्वर सैनी को बिलारी की जनता का मिल रहा है भरपूर समर्थन

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने संभल लोकसभा क्षेत्र की बिलारी विधानसभा के गांव वैरनी, सराय ज्वालापुरी, सोतीपुरा, रतनपुर, राजथल, मैथरा, नवादा, लखनेटा, खनुपुरा में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस यात्रा में जनसंपर्क कर उन्होंने मोदी सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार कर जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की। परमेश्वर लाल सैनी के बिलारी पहुंचने पर बिलारी की जनता ने उनका जोर शोर से स्वागत सत्कार किया। लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के तहत अपने सभी प्रत्याशियों के लिए जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है। जिसका लक्ष्य है।ग प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक गांव में लोगों में भाजपा की योजनाओं का प्रचार एवं मतदान के लिए जागरूकता फैलाना है। नल जल योजना, पीएम आवास योजना, विधवा पेंशन योजना जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं से क्षेत्र की जनता को अवगत कराया।



# निर्माण निगम के अफसर ने खुद चोरी कराई थी अपनी ऑडी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** निर्माण निगम में तैनात अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की ऑडी कार चोरी नहीं हुई थी। अंकुर ने ही इसे अपने साथी संग मिलकर गायब कर दिया था। वह गाड़ी चोरी दिखाकर बीमा कंपनी से क्लेम हासिल करना चाहते थे। मंगलवार को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर गाड़ी बरामद कर ली। उनके साथी दिल्ली निवासी गैराज मालिक की तलाश जारी है।




पारा के विक्रमनगर का अंकुर श्रीवास्तव विभूतिखंड स्थित निर्माण निगम में ग्रेड-2 अधिकारी हैं। 3० अप्रैल को उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि उनके दफ्तर के बाहर से खड़ी उनकी ऑडी गाड़ी शाम चार बजे चोरी हो गई।

पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर छानबीन की तो पता चला कि गाड़ी चोरी का जो समय बताया गया वो गलत था। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक बड़े आराम से उनकी ऑडी गाड़ी ले जाते दिखा।

इसके बाद पुलिस ने 15० के करीब सीसीटीवी कैमरे चेक किए और सर्विलांस की मदद ली तो अंकुर के एक साथी दिल्ली निवासी मोटर वर्कशाप मालिक हितेश के बारे में पता चला। अंकुर के दफ्तर से हितेश गाड़ी ले जाते दिखा था। पुलिस ने जब हितेश के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि अंकुर की गाड़ी का 2०19 में एक्सीडेंट हो गया था। हितेश ने ही उनकी गाड़ी ठीक की थी। मंगलवार को पुलिस ने अंकुर को पारा इलाके से ऑडी के साथ दबोच लिया।

वह गाड़ी से दिल्ली जा रहे थे। पुलिस ने अंकुर और हितेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूछताछ में अंकुर ने बताया कि उन्होंने कार चोरी की झूठी एफआईआर दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अंकुर निर्माण निगम में नौकरी से पहले ज्वेलरी का काम करते थे। वर्ष 2०17 में उन्होंने ऑडी गाड़ी खरीदी थी। वर्ष 2०19 में हजरतगंज भैसाकुंड के पास उनकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था। तब उन्होंने हितेश से कार सही कराई थी।

इसके बाद से गाड़ी में आए दिन कोई न कोई दिक्कत आने लगी। अंकुर ने गाड़ी बेचने की सोची, लेकिन एक्सीडेंटल होने की वजह से कोई भी व्यक्ति 1० से 15 लाख से अधिक नहीं दे रहा था, जबकि गाड़ी की मौजूदा कीमत 4० लाख रुपये थी। इस पर अंकुर ने हितेश से बात की तो उसने गाड़ी चोरी की झूठी एफआईआर दर्ज कराकर क्लेम हासिल करने की राय दी।

## टेंपो पलटने से आठ लोग घायल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुड़म्बा इलाके के रिंग रोड पर जगरानी अस्पताल के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर नाले में में पलट गया। घटना में टेम्पो सवार आठ लोग मामूली रूप से और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायलों में जानकीपुरम निवासी अंजलि और आरती तिवारी समेत सभी को जगरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक व्यक्ति के दोनों हाथ फ्रेक्चर होने के कारण लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। इसके अलावा, अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। टेम्पो चालक गन्ने का पुरवा निवासी देशराज भी घायल हो गया। घटना से आसपास के लोगों से आक्रोश है।


# छात्रवृत्ति घोटाले में संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फर्रुखाबाद।** छात्रवृत्ति घोटाले में जिले के ओपी गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संचालक शिवम गुप्ता के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। ईडी ने लखनऊ स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में सोमवार को आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

इस पर अदालत जल्द संज्ञान ले सकता है। बता दें कि शिवम को ईडी ने दुबई भागने की कोशिश करने के दौरान अमौसी एयरपोर्ट से बीती एक मार्च को गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के मुताबिक ईडी ने आरोप पत्र में कहा है कि ओपी गुप्ता इंस्टीट्यूट के एमडी और चेयरमैन शिवम गुप्ता ने लखनऊ के हाईजिया ग्रुप के संचालकों की मदद से वर्ष 2०14 से 2०22 के बीच फर्जी विद्यार्थियों का दाखिला दिखाकर




7.7० करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति हड़पी थी। जांच में सहयोग नहीं करने पर उसके खिलाफलुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था।

छात्रवृत्ति की रकम से शिवम गुप्ता ने कई निजी संपत्तियों को खरीदा और कॉलेज के भवनों का निर्माण कराया। इसके बाद उसकी करीब सात करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया जा चुका है। इसमें कॉलेज के भवन भी शामिल हैं। शिवम गुप्ता वर्तमान में लखनऊ जेल में बंद है।उधर, रीयल एस्टेट कारोबारी महेश तुलसियानी ईडी के सम्मन के बावजूद मंगलवार को भी पेश नहीं हुआ। ईडी ने पांच शहरों में तुलसियानी ग्रुप के 1० ठिकानों पर बीती 24 अप्रैल को छापेमारी की थी।

वहीं, हाईकोर्ट के आदेश पर तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने मुख्य आरोपियों में शामिल महेश तुलसियानी को सोमवार को पूछताछ के लिए तलब किया था लेकिन वह पेश नहीं हुआ। मंगलवार को भी वह ईडी के सामने पेश नहीं हुआ और न ही कोई वजह बताई गई है। अब उसके खिलाफ फिर से सम्मन जारी किया जाएगा। इसको लेकर चर्चाएं तेज हैं।

# दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद लखनऊ में भी चला सर्च ऑपरेशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद लखनऊ के स्कूलों में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शहर के वृंदावन इलाके में एमिटी स्कूल से बच्चों को बाहर निकाला गया और सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस व बम स्क्वायड की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया।




स्कूल प्रबंधन का कहना है कि हमें कोई धमकी नहीं मिली है। यह एहतियात के तौर पर किया गया है। एसीपी कैंट पंकज सिंह में बताया कि स्कूल की दिल्ली शाखा से मेल आया था। बम निरोधक दस्ते से चेकिंग कराई गई, सब सामान्य है। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के उप निदेशक चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि एमिटी इंटरनेशनल स्कूल वृन्दावन को किसी भी माध्यम से परिसर में बम होने की कोई धमकी नहीं मिली है। चूंकि दिल्ली एनसीआर स्थित स्कूल परिसरों में बम की अफवाह थी, इसलिए स्कूल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पुलिस को स्कूल परिसर में बुलाकर नियमित सुरक्षा जांच करवाई।

दिल्ली-एनसीआर के 1०० से अधिक स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद खलबली मच गई। दिल्ली के कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। डीपीएस, मदर मैरी स्कूल और संस्कृति स्कूल जैसे नामी स्कूलों को धमकी दी गई। जांच एजेंसियों को संदेह है कि ईमेल रूस स्थित सर्वर से आया है।

सूत्रों का कहना है कि सभी स्कूलों को ईमेल भेजने के लिए एक ही आईपी एड्रेस का इस्तेमाल किया गया था। सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि स्कूलों को धमकी भरा मेल भेजने के लिए इस्तेमाल किया गया ईमेल पता रूसी डोमेन का था।

हालांकि, पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि ईमेल वास्तव में रूस से आया था या नहीं। दिल्ली के बाद लखनऊ के भी नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

## नहर में नहाते समय चार बच्चे डूबे

**बहराइच।** जिले के नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव में स्थित नहर में बुधवार को गांव के चार बच्चे नहाने गए थे। तभी नहाते समय गहरे पानी में जाने से सभी डूब गए इनमें तीन की पानी में डूब कर मौत हो गई। जबकि एक किशोरी लापता है। उसकी तलाश की जा रही है।

हादसे की जानकारी होते ही एसडीएम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के ठीक सामने नहर स्थित है। नहर में इस समय पानी भरा हुआ है। इस नहर में गर्मी अधिक होने पर गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (1०) सदबरन, राहुल (13) पुत्र सागर और माही (14) पुत्र सदबरन स्नान करने के गए। दोपहर 12 बजे सभी स्नान कर रहे थे।

इसी दौरान स्नान करते समय पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी और राहुल का शव बरामद कर लिया गया।

# स्कूल जाने के लिए घर से निकली छात्रा, रास्ते में गश खाकर गिरी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**भदोही।** जिले के कोतवाली क्षेत्र के सहसेपुर गांव में स्कूल के लिए घर से निकली छात्रा गश खाकर गिर गई। आनन-फानन उसे चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा पांच बहनों में सबसे छोटी थी और प्राथमिक विद्यालय नक्कूपट्टी में कक्षा तीन की छात्रा थी। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है।



बदन को झुलसा देने वाली गर्मी के बीच मौसम विभाग की ओर से भी अलर्ट जारी किया गया है। बढ़ती गर्मी के बीच स्कूलों का समय भी परिवर्तित करके सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया है।

बावजूद इसके गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। सहसेपुर निवासी संत लाल यादव की पुत्री राधिका यादव प्राथमिक विद्यालय नक्कूपट्टी में कक्षा तीन की छात्रा थी। बुधवार की सुबह वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली। वह घर से जैसे ही कुछ दूर पहुंची थी कि अचानक गश खाकर गिर पड़ी।

आनन फानन परिवार के लोग उसे निजी चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राधिका की मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। स्कूल में इसकी जानकारी होने पर शिक्षकों के भी होश उड़ गए। शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रख छात्रा को श्रद्धांजलि दी। प्रधानाध्यापक दिवाकर ने बताया कि राधिका रोज स्कूल आती थी।

पढ़ने में भी वह होनहार थी। पिता संतलाल यादव ने बताया कि उनकी बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ थी। संतलाल यादव को पांच बेटियां हैं। राधिका सबसे छोटी थी। बेटी की मौत से माता प्रमिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वे बार-बार बेहोश हो जा रही हैं।

## चोरी के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**आगरा।** जिले के रकाबगंज थाना क्षेत्र में शिवाजी मार्केट से गारमेंट व्यापारी के यहां हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 59 लाख रुपये की बरामदगी हुई है।

चोर सीसीटीवी में कैद हो गए थे, जो नोटों से भरी गठरी में सिर पर उठाकर ले गए थे। पुलिस ने बताया कि चोरी की इस वारदात की साजिश नौकर ने भी रची थी। वीडियो कॉल पर रेकी के बाद चोरी की योजना तैयार की गई। इसके बाद 7० लाख रुपए की चोरी की।

पुलिस ने वारदात में शामिल गैंगस्टर सहित चार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 59 लाख की रकम की बरामदगी भी कर ली है। पुलिस ने बताया कि गारमेंट व्यापारी शोभराज ने चोरी की घटना में पहले इतनी रकम की जानकारी नहीं दी थी। चोर 15 से 2० लाख की चोरी की आशंका पर आए थे।

# कंबाइन मशीन ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हुजूरपुर।** कंबाइन मशीन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सहित दोनों युवक मशीन के साथ डेढ़ किलोमीटर तक घिसटते चले गए। चालक द्वारा मशीन ना रोकने पर ग्रामीणों ने पीछा कर मशीन को रुकवाया। मशीन में उलझे हुए युवकों को बाइक सहित बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया।




जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मशीन को चालक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

बाइक चालक के घिसटने से हेलमेट अलग होकर दूर गिर गया। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के लखवापुर बहरैचा गांव निवासी बाइक सवार शटरिंग मिस्त्री पंकज (19) मंगलवार की देर रात बाइक से पड़ोसी रामरूप उर्फननके मौर्य (19) के साथ मांगलिक कार्यक्रम में कंजिया गांव जा रहे थे।

जब उनकी बाइक कंजिया गांव के पास पहुंची तभी सामने से आ रही धान काटने वाली कंबाइन मशीन से टक्कर हो गई। बाइक सहित दोनों युवक मशीन में फंस गए और चालक ने बिना रुके डेढ़ किलोमीटर तक सड़क पर घिसटते हुए उन्हें अपने साथ ले गया। राहगीरों ने वाहन का पीछा कर भगडवा बाजार के पास रोककर मशीन में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकलवा कर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई विष्णु ने बताया कि टक्कर के बाद अगर मशीन चालक वाहन को रोक देता तो उसके भाई की जान बच सकती थी।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**पीलीभीत।** जिले के पूरनपुर क्षेत्र में बरातियों की इनोवा कार हरीपुर जंगल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में उत्तराखंड के सितारगंज के शक्ति फार्म निवासी दूल्हे नरोत्तम की नानी रेणुका (7०), रिश्ते की दो दादी कंचन सरकार (6०), विशुका मंडल (45) की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल गए।

हादसे में कार चालक भी घायल हो गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटना मंगलवार राम करीब सवा आठ बजे धनाराघाट मार्ग पर हरीपुर जंगल में हुआ। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# लीकेज ठीक करते समय मिट्टी में दबकर कर्मचारी की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रायबरेली।** क्षेत्र में मंगलवार को गड्ढे में उतरकर पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करने के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई। गड्ढे की खोदी गई मिट्टी में वे दब गए। उन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना से लोग और कर्मचारी आक्रोशित हो उठे।



नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोह्न सोनकर और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और लोगों को शांत कराकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद करने के एलान किया।

गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे वाजपेयी मजरे किलौली गांव निवासी चंद्रभूषण (5०) नगर पालिका में आउटसोर्सिंग के तहत कर्मचारी पद पर तैनात थे। देवानंदपुर मोहल्ले में पानी की पाइपलाइन में लीकेज हो गई थी।

जिसकी मरम्मत करने के लिए चंद्रभूषण देवानंदपुर गया थे। जानकारी के अनुसार जहां पर लीकेज था, उस स्थान पर पहले जेसीबी से खुदाई कर दी गई। गहरा गड्ढा होने पर चंद्रभूषण नीचे उतरकर लीकेज ठीक कर रहे थे। इसी दौरान खोदी गई मिट्टी जो ऊपर रखी थी, वह भरभराकर चंद्रभूषण के ऊपर ढह गई। वे बाहर निकलने का प्रयास करने लगे, लेकिन मिट्टी के नीचे वे दब गए।

आसपास के लोगों ने मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रकरण में कार्रवाई की जाएगी। चंद्रभूषण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

मृतक कर्मचारी की पत्नी मंजू देवी, बेटे बृहस्पति वाजपेयी, दो बेटियां छोटे भाई प्रांशू वाजपेयी हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी अंजली है। बड़े बेटे बृहस्पति ने बताया कि पिता करीब 25 साल से नगर पालिका में नौकरी कर रहे थे। यह घटना लापरवाही से हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोह्न सोनकर ने बताया कि पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

# आग में दो बच्चे फंसे, पड़ोसी महिला ने बचाई जान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रायबरेली।** जिले के विकास क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव में मंगलवार को अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। इससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं, आग के बीच घर में फंसे दो बच्चों को पड़ोस की महिला ने अपनी जान पर खेलकर सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान महिला झुलस गई।



भवानी खेड़ा मजरे पश्चिम गांव में विनोद कुमार के घर में अचानक आग लग गई। विनोद उन्नाव में मजदूरी करता हैं। घर में तीन बच्चों के साथ उसकी पत्नी सीमा रहती हैं। एक छोटी बच्ची पिंकी को लेकर सीमा खेतों की तरफगई हुई थी।

अचानक छप्पर में आग लग गई। आग की लपटों ने कुछ ही देर में पूरे घर को अपनी जद में ले लिया। दो बच्चे शुभी व श्रेयांस घर के अंदर ही मौजूद थे। यह देख पड़ोस की रहने वाली राखी पत्नी विकास ने आग की लपटों के बीच घर के अंदर घुसकर दोनों बच्चों की जान बचाई। इस दौरान वह झुलस गईं। दमकल कर्मियों को सूचना देने के साथ ही ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए।

मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। हलका लेखपाल श्याम नारायण ने बताया कि नुकसान की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के खगिया खेड़ा मजरे कोंसा निवासी मो. शमी के घर में मंगलवार की दोपहर लगभग बारह बजे अचानक आग लग गई। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तेज हवाओं के बीच आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

इसमें घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल राकेश साहू ने बताया कि आग से हुए नुकसान का जायजा लिया गया। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी।

# एलडीए के तीन अफसरों पर रजिस्ट्री में गड़बड़ी को लेकर मुकदमा दर्ज

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**वजीरगंज।** किसी की जमीन किसी के नाम करने पर एलडीए के तीन अफसरों पर केस दर्ज कराया गया है। वजीरगंज थाने में दर्ज रिपोर्ट में जमीन की खरीद-फरोख्त करने वाले, गवाही देने वाले 9 और लोगों के भी नाम हैं। 17 फरवरी 2०24 को सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजय सिंह ने विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

आरोप था कि शिवानी सिंह व अन्य आरोपियों ने अजय के प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया। विवेचना में शिवानी सिंह के नाम पर की गई रजिस्ट्री फर्जी मिली। उसे जमीन बेचने वाले राजकुमार की भी रजिस्ट्री फर्जी निकली।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने रजिस्ट्रार कार्यालय को पत्र लिखकर जांच कराकर कार्रवाई करने को कहा था। जांच मेंपांच रजिस्ट्री फर्जी मिलीं तो केस दर्ज कराया गया। उप निबंधक द्वितीय प्रभाष सिंह ने चार फर्जी रजिस्ट्री को लेकर केस दर्ज कराया है। इसमें एलडीए प्रभारी अधिकारी अनीता श्रीवास्तव, अनुभाग अधिकारी एबी तिवारी, एलडीए के ही आरके मिश्र के अलावा निशातगंज के सिद्धार्थ बाजपेयी, गोमतीनगर के योगेंद्र नारायण, राधा मोहन शर्मा व बाराबंकी के जानकी प्रसाद नामजद आरोपी हैं।

उप निबंधक द्वितीय राजेंद्र पांडेय की ओर से दर्ज कराए गए केस में बाराबंकी के दिगंबर सिंह, शत्रोहन लाल, रामपाल व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। दर्ज कराई गई दो एफआईआर में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस्तेमाल करने की धारा लगाई गई है।

# मुर्गी फार्म के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रायबरेली।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मुर्गी फार्म के अंदर फंदे से लटका मिला। युवक का सिर रस्सी के सहारे पाइप से बंधा था, जबकि पैर जमीन को छू रहे थे। मां ने अज्ञात लोगों पर बेटे की हत्या कर शव फंदे से लटकाए जाने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




अमरहिया मजरे डीह निवासी दिनेश कुमार (18) पूरे बुधई गांव में मोबिन के मुर्गी फार्म पर काम करते थे। सोमवार की रात करीब नौ बजे दिनेश घर से खाना खाकर साइकिल से फार्म गए थे। सुबह युवक का शव फार्म के अंदर पाइप से रस्सी के सहारे लटकता मिला। मां शिवकाला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी वंदना सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

घटना की जांच कराई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूदनखेड़ा मोहल्ला निवासी सरोजिनी (32) अपने आठ वर्षीय बच्चे के साथ घर पर थी। महिला का शव दरवाजे के ग्रिल से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने फंदा काटकर शव नीचे उतरवाया।

मृतका के पिता छेदीलाल ने बताया कि बेटी का विवाह 2००9 में राकेश के साथ हुआ था। पति-पत्नी में कुछ अनबन चल रही थी। पति राकेश बाहर नौकरी करता है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह सामने जाएगी।